वर्ष : 18 अंक: 46 | आगरा | रविवार 20 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

## शाह बोले- 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरीः पिछले 5 सालों में रूटीन बदला

### आज सभी दवाओं से मुक्त होकर खड़ा हूं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेस की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि, देश के युवाओं को अगर स्वस्थ्य और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात मैं अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेस की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें। लिवर डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री



रेखा गुप्ता, उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी मौजूद रहे। लिवर डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी मौजूद रहे।

**शाह बोलेः आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं**

अमित शाह ने कहा, "मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।

**दिल्ली सीएम बोलीः हमारा स्वास्थ्य ढांचा मजबूत बने**

कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल रहीं। उन्होंने कहा- आज लीवर डे के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए देश में किसी को भी हेल्थ सर्विस के लिए संघर्ष न करना पड़े। हमारी राजधानी दिल्ली सिर्फ यहीं के लोगों के इलाज के लिए नहीं है। पूरे देश और दुनिया से लोग यहां आते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करें।

## ये लोग जिन्ना का महिमा मंडन करते हैं, सीएम योगी ने राणा सांगा को लेकर सपा पर बोला करारा हमला

**गोरखपुर,एजेंसी।** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भीमराव आंबेडकर ने अभाव अपमान में अपना रास्ता बनाकर सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए सम्मान दिलाया। विपक्ष के लोग एक्पोज न हो इसके लिए जाति के नाम पर फिर से लड़ाना चाहते हैं। इसके लिए महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 में अनुसूचित जाति जनजाति अति पिछड़ी जाति और महिलाओं को मत देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहेब के कारण ही हो पाया। सीएम डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता का संदेश देने वाला भारत का संविधान बाबा साहेब ने दिया। यह प्रत्येक नागरिक को सम्मान देता है। सीएम ने कहा आखिर वो कौन से कारण थे जिनके कारण बाबा साहेब पीड़ित थे। बाबा साहेब ने संविधान तैयार किया,लेकिन कांग्रेस ने उसमें संशोधन किए। इससे बाबा साहेब परेशान हुए। कांग्रेस उनको संविधान सभा में नहीं भेजना चाहती थी। लेकिन उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें शामिल किया गया और



ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष बने। लेकिन बाबा साहेब ने ऐसा संविधान दिया जो भारत को दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करता है।

**कांग्रेस ने 1952 के पहले आम चुनाव में बाबा साहेब को हरवाया था**

समाजवादी पार्टी ने अपने गठन के बाद षडयंत्र किए जिसके कारण समाज में अराजकता पैदा हो। कांग्रेस ने तो 1952 के पहले आम चुनाव में बाबा साहेब को हरवाया था। उनके 78 हजार वोट को रद्द करवा दिया। 1954 के उपचुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब के निजी सचिव को तोड़कर चुनाव लड़वा दिया। इसमें भी वह हार गए। आज कांग्रेस के नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी को संविधान की प्रति लेकर घूमता देखता हु तो लगता है यही कांग्रेस थी जो उनका विरोध करती थी। अपने 65 वर्षों में बाबा साहेब ने जो कर दिया वो और कोई नहीं कर पाया। कांग्रेस ने ज्यादातर समय यूपी और देश में शासन किया लेकिन एक भी स्मारक नहीं बनाया। इंग्लैंड के जिस भवन में रहकर बाबा साहेब ने डिग्री ली थी उसे वहां की सरकार बेच रही थी। मोदी सरकार ने उसे लेकर स्मारक बनाया। बाबा साहेब के पांच तीर्थ बनने में सपा, कांग्रेस या आरजेडी किसी का योगदान नहीं है। 26 नवंबर को संविधान दिवस के नाम से मनाया जाता है।

**बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने वाली केवल भाजपा हैः योगी**

बाबा साहेब के नाम पर भाषण देने वाले अनेक आएंगे लेकिन उनके आदर्शों पर चलने वाली केवल भाजपा है। उन्होंने कहा था अपने अनुयायियों से की शिक्षित बनो, अन्याय के खिलाफ संगठित रहो। हैदराबाद में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा था लेकिन बाबा साहेब ने पत्र लिख कहा था कि निजाम के सामने झुकना नहीं, किसी भी हाल में इस्लाम को न स्वीकारना।

## संक्षिप्त समाचार



### एमडीएमके नेता दुरई वाइको ने छोड़ा प्रधान सचिव का पद

**चेन्नई,एजेंसी।** दुरई वाइको ने कहा कि उन्होंने यह फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए लिया है कि पार्टी या इसके संस्थापक वाइको को उनके कारण कोई नुकसान न हो। दुरई वाइको के अनुसार, वे एमडीएमके के लिए इसके प्राथमिक कार्यकर्ता के रूप में काम करना जारी रखेंगे और तिरुचिरापल्ली के लोगों के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। तमिलनाडु की क्षेत्रीय पार्टी एमडीएमके में सबकुछ सही नहीं है और ऐसे संकेत मिले हैं कि पार्टी आंतरिक कलह से जूझ रही है। दरअसल पार्टी के संस्थापक वाइको के बेटे दुरई वाइको ने पार्टी के प्रधान सचिव का पद छोड़ दिया है। दुरई वाइको तमिलनाडु की तिरुचिरापल्ली लोकसभा सीट से सांसद हैं। दुरई वाइको ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में अपने इस्तीफे का एलान किया।

### मॉब लिंचिंग पीड़ितों के लिए एक समान मुआवजा जरूरी, सुप्रीम कोर्ट 23 अप्रैल को करेगा अहम सुनवाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट 23 अप्रैल को एक अहम याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें भीड़ हिंसा (मॉब लिंचिंग) और घृणा अपराधों के पीड़ितों को मुआवज़ा देने में समानता (एकरूपता) लाने की मांग की गई है। यह याचिका इंडियन मुस्लिम्स फॉर प्रोग्रेस एंड रिफॉर्म्स (IMPAR) नामक संगठन ने दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2023 में इस पर केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया है कि 2018 के तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग के मामलों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीड़ितों के परिवारों को मुआवज़ा देने की बात कही थी। लेकिन अब तक कुछ राज्यों ने अलग-अलग योजनाएं बनाई हैं, जिनमें कोई समानता नहीं है, और कई राज्यों ने तो ऐसी कोई योजना अब तक बनाई ही नहीं है।

### दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरी-4 की मौत, 10 से ज्यादा लोग अब भी मलबे में फंस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। मौके पर NDRF और दिल्ली पुलिस की टीमें पहुंची हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 22 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए थे। अब तक 14 लोगों को रेस्क्यू कर जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 4 को मृत घोषित कर दिया। मौके पर NDRF और दिल्ली पुलिस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं।

## मुर्शिदाबाद के धुलियान में हिंसा पीड़ितों से मिलीं महिला आयोग की सदस्य, फूट-फूटकर रोईं पीड़िताएं

**मुर्शिदाबाद,एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में एक टीम ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के धुलियान में हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा उचित कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने महिला आयोग की टीम को धुलियान के बेटबोना कस्बे के पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई और मांग की कि जिले में स्थायी बीएसएफ कैंप स्थापित किए जाएं और सांप्रदायिक झड़प की एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) जांच की जाए।

**पीड़ितों को झेलना पड़ा, वह कल्पना से परे**

महिला आयोग की अध्यक्ष



विजया रहाटकर ने पीड़ितों से मुलाकात के बाद कहा कि इन महिलाओं को जो पीड़ा झेलनी पड़ रही है, उसे देखकर मैं स्तब्ध हूं। हिंसा के दौरान उन्हें जो कुछ सहना पड़ा, वह कल्पना से परे है। रहाटकर ने पीड़ितों से कहा कि अब उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ है। महिला आयोग की टीम को आपबीती सुनाते हुए पीड़ित महिलाओं अपने आंसू नहीं रोक पाई और आयोग की सदस्यों से गले मिलकर रोतीं नजर आईं।

## मिथुन चक्रवर्ती ने बंगाल पुलिस को बताया 'मूकदर्शक'

### बोले : 'दंगाग्रस्त इलाकों का तमाशा देख चुपचाप लौट रही'

**कोलकाता ,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल पुलिस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्हें 'तमाशबीन' बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हालात बेहद चिंताजनक हैं और पुलिस महज कुर्सी लगाकर तमाशा देख वापस लौट रही।

मिथुन चक्रवर्ती ने बंगाल पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाया। उन्होंने कहा, पुलिस सिर्फ फंक्शन देखने आती है। जहां दंगे हो रहे होते हैं, वहां कुर्सी लगाकर तमाशा देखती है और फिर चुपचाप वापस चली जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस की भूमिका अब कानून व्यवस्था संभालने की नहीं रह गई, बल्कि मूकदर्शक बनने की हो गई है। मिथुन ने वक्फ को लेकर प्रदेश सरकार के रवैये को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा , उन्होंने वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर कहा कि हिंदुओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। मुस्लिम समाज



के नाम पर जिन जमीनों को वक्फ संपत्ति बताया जा रहा है, उन्हें नेताओं ने कब्जा कर लिया है। कहीं गोदाम बना दिए, कहीं किराए पर चढ़ा दिए, और उस पैसे से अपनी ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। अगर इन संपत्तियों का कुछ हिस्सा मुस्लिम भाइयों या उनकी बहनों को मिल जाता, तो कोई समस्या नहीं थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा। नतीजा यह है कि आम हिंदू परिवार बेघर हो रहे हैं, और ट्रांजिट कैंपों में खिचड़ी खा रहे हैं। दावा किया, अगर मुख्यमंत्री चाहें तो एक दिन में हिंसा पर काबू पाया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा क्योंकि जिन लोगों की मदद से सरकार बनी है, उन्हीं को संतुष्ट रखने की कोशिश हो रही है। बंगाल में अब सनातनी, सिख और ईसाई समुदाय के लोग तृणमूल को वोट नहीं देते, इसलिए जो उनका 'वोट बैंक' है, उन्हें खुश रखना सरकार की प्राथमिकता बन गई है इसलिए अपराधियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही। बंगाल में अब हिंदू शरणार्थी बन गए हैं। राज्य में दादागिरी का बोलबाला है और हर जगह एक अघोषित डर का माहौल है। हम कोई दंगा-फसाद नहीं चाहते। हमने पहले ही कहा था कि फेयर इलेक्शन कराइए, लेकिन वो भी नहीं होने दिया गया। जब मिथुन से पूछा गया कि क्या बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, तो उन्होंने बेझिझक कहा कि अगर ऐसी स्थिति चलती रही, तो राष्ट्रपति शासन लगाना ही पड़ेगा।

## भाषा के प्रति नफरत अनुचित, गुड गवर्नेंस वही जो संविधान के अनुसार चले : मायावती

**लखनऊ ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आजकल चल रहे भाषा विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाषा के प्रति नफरत अनुचित है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा और आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने



आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के चलते इन राज्यों व केंद्र के बीच राजनीतिक स्वार्थ के लिए विवाद से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गुड गवर्नेंस वही है जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले।

## 19 साल बाद फिर एकसाथ आ सकते हैं उद्धव और राज ठाकरे, बोले झगड़े से जरूरी महाराष्ट्र

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। खबर ये है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हितों के लिए अपने बीच मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की इच्छा जताई है। राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे को साथ आने का प्रस्ताव दिया है।

मनसे प्रमुख ने कहा है कि महाराष्ट्र और मराठियों के अस्तित्व के आगे उद्धव और उनके झगड़े बहुत छोटे हैं। महाराष्ट्र बहुत बड़ा है। उनके लिए उद्धव के साथ आना और साथ में रहना कोई मुश्किल काम नहीं हैं। राज ठाकरे ने ये बात फिल्म निर्देशक महेश मांजरेकर के साथ किए पॉडकास्ट के दौरान कही। राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को साथ आने का प्रस्ताव देते हुए अपनी तरफ से ये साफ कर दिया कि उद्धव के साथ आने में उनको



कोई परेशानी नहीं है। महाराष्ट्र के लिए दोनों एक साथ आ सकते हैं।

राज ठाकरे के साथ आने के प्रस्ताव पर उद्धव ठाकरे का भी बयान सामने आया है। उद्धव का कहना है कि उनकी तरफ से कोई झगड़ा नहीं था। महाराष्ट्र के हित के लिए वे साथ आने को तैयार हैं। उद्धव ठाकरे भी भाई राज ठाकरे के प्रस्ताव से सहमत दिखाई दे हैं। उन्होंने मिलकर काम करने के संकेत दिए हैं। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र की भलाई के लिए वह छोटे-मोटे झगड़ों को छोड़कर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

## नई शिक्षा नीति को लेकर बोलीं सुप्रिया सुले

### मराठी भाषा को नुकसान हुआ तो बर्दाश्त नहीं करेंगे

**मुंबई,एजेंसी।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गर्माहट अपने चरम पर है। इसी बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को जल्दबाजी में लागू करना ठीक नहीं है और अगर इससे मराठी भाषा को नुकसान होता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने राज्य सरकार के उस फैसले पर नाराज़गी जताई, जिसमें कक्षा



1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में मराठी ही लोगों की मातृभाषा है और उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करने के लिए करें प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से जिलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। इस अवसर पर म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 55 जिलों की जल संरचनाओं पर



केंद्रित डिजिटल डाटाबेस प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले जनकल्याण कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों के लोकार्पण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति के अनुसार दो भिन्न ऋतुओं (प्री एवं पोस्ट मानसून) की सैटेलाइट के माध्यम से डिजिटल मैपिंग करना संभव हुआ है। नदियों और प्राचीन जल संरचनाओं का वर्गीकरण भी आसान हुआ है। इससे जल संरचनाओं के नाम, उनकी जियो टैगिंग से कर लोकेशन सुनिश्चित करने का कार्य भी हो रहा है। निश्चित ही यह सराहनीय प्रयास है।

इंदौर में 27 अप्रैल को कॉन्क्लेव के साथ राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश में अनेक कार्य हो रहे हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण निर्मित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न स्पर्धाओं से जोड़ा जाए। उज्जैन स्थित साइंस सिटी, वैधशाला और प्लेनेटोरियम का भ्रमण करवाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने प्रदेश के सात सौ से अधिक विद्यार्थियों को नई दिल्ली और चंडीगढ़ के प्रमुख संस्थानों के भ्रमण के लिए वंदे भारत ट्रेन से भेजने की व्यवस्था की है।

## सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक चार सिंहों की मूर्ति के साथ ''सत्यमेव जयते'' को अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए

### भारत सरकार के राज्य संप्रतीक में ''सत्यमेव जयते'' का अंकित न होना गंभीर चूक



**अलीगढ़।** सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक जिसमें चार सिंहों की मूर्ति होती है को ''सत्यमेव जयते'' के बिना प्रकाशित या मुद्रित करना न केवल राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 का स्पष्ट उल्लंघन है बल्कि संविधान की आत्मा के साथ भी अन्याय है। उक्त जानकारी देते हुए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह ने बताया है कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां जो अपने स्टेशनरी, प्रकाशन, मुहरों, वाहनों, भवनों व वेबसाइटों पर भारत के राज्य संप्रतीक का उपयोग कर रही हैं, वह अक्सर ''सत्यमेव जयते'' आदर्श वाक्य को छोड़ देती हैं और मात्र चार सिंहों के प्रतीक को दर्शाती हैं, जोकि राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 में निर्धारित डिजाइन के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि ''सत्यमेव जयते'' जिसका अर्थ ''सत्य की ही विजय होती है''। भारत की आधिकारिक मुद्रा, दस्तावेजों और विभिन्न प्रकार के प्रतीकों में अंकित होना अनिवार्य है। यह दो शब्द न केवल राष्ट्रीय आदर्श वाक्य हैं बल्कि देश की संस्कृति और नैतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, वीसी एडीए, नगर आयुक्त एवं सभी मण्डलीय व जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की चूक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भविष्य में सभी प्रतीकों में ''सत्यमेव जयते'' को यथाविधि अंकित किया जाए। उन्होंने आमजनमानस से भी अनुरोध किया है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की त्रुटि दिखाई देती है तो संबंधित को सूचित करें ताकि ससमय त्रुटि में सुधार किया जा सके है।

## बिजली विभाग के संविदाकर्मी ने सुसाइड किया: वॉट्सऐप पर लिखा- जेई ने ड्यूटी से हटाया, गुस्साए लोगों ने सबस्टेशन में रखी डेड बॉडी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में बिजली विभाग के एक संविदा कर्मचारी ने सुसाइड कर लिया। उसका शव खेत में बनी एक झोपड़ी में फंदे से लटका मिला। सुसाइड से पहले कर्मचारी ने एक ऑडियो मैसेज वॉट्सऐप ग्रुप पर शेयर किया। इसमें उसने कहा- मुझे ड्यूटी से हटा दिया है। मुझे जेई साहब ने लेटर तक नहीं दिया। अब मेरा घर कैसे चलेगा? मेरे सामने जान देने के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचा है। मोहन सिंह फतेहपुर सीकरी के मदनपुर सबस्टेशन पर तैनात था। ऑडियो के सामने आने के बाद शनिवार शाम कर्मचारी और गांववाले डेडबॉडी को सबस्टेशन पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद हैं। सबस्टेशन में कोई भी अधिकारी और स्टाफ मौजूद नहीं है।

**घरवाले बोले- वो बहुत परेशान थे**

संविदा कर्मचारी मोहन सिंह थाना सीकरी क्षेत्र के गांव नगला दह का रहने वाला था। वह मदनपुर सबस्टेशन पर संविदा पर पेट्रोल कर्मी था। जहां बिजली खराब होने की शिकायत आती थी, वहां पर रिपेयरिंग करने जाता था। परिवार में पिता जगदीश प्रसाद (68), माता रामरति देवी (63), दो छोटे भाई पदम सिंह और मदन सिंह हैं। मोहन की पत्नी गुड्डी देवी (31) और 3 बच्चों में बड़ा बेटा नीतेश (7), बेटी रिचु (6), सबसे छोटा बेटा राज (5) भी परिवार के साथ ही रहते हैं।

**परिजनों ने बताया-** सबस्टेशन के जूनियर इंजीनियर ने मोहन सिंह को कुछ दिन पहले ही फीडर से हटा दिया था। इससे वह काफी परेशान चल रहे थे।मरने से पहले मोहन ने एक ऑडियो मैसेज भी मिला है। इसमें उन्होंने विद्युत अधिकारियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। ये भी कहा कि वे इसी कारण आत्महत्या कर रहे हैं।

**परिजन बोले- जेई सामने आएं, तब अंतिम संस्कार करेंगे**

सुबह गांव से 500 दूर पर खेत से ग्रामीण गुजर रहे थे। तभी खेत में बनी एक झोपड़ी कोई लटका हुआ दिखाई पड़ा। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा, तो मोहन लटका मिला। इसके बाद उन्होंने मोहन के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन शव को लेकर फतेहपुर सीकरी थाने पहुंचे। परिजनों ने विद्युत अधिकारियों के खिलाफ उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने शव को सबस्टेशन पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकठ्ठा हैं। परिजन अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है, जब तक अधिकारियों के खिलाफ एक्शन नहीं होगा, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।परिजनों का कहना कि जब हम फतेहपुर सीकरी थाने में जेई और बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कराने पहुंचे, तो पुलिस ने कार्रवाई करने से मना दिया। वहीं, थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया का कहना है- मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों को आश्वासन दिया गया है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पैदल जा रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने रौंदा: दोनों की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

### पैदल घर जा रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। दोनों को गंभीर घायल अवस्था में उपचार के लिए लोग अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम कराही से घर लौट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घायल दोनों युवकों की मौत हो गई। वहीं मृतकों के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सीकरी पुलिस को तहरीर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के गांव घिलोय निवासी 21 वर्षीय कन्हैया पुत्र रघुवीर सिंह अपने साथी 22 वर्षीय छोटू पुत्र विजय सिंह के साथ पैदल गांव लौट रहा था। इसी दरमियान जयपुर हाईवे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी फतेहपुर सीकरी भेजा, जहां डॉक्टर ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया है। मृतक के भाई एवरन ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सीकरी पुलिस को तहरीर दी है।दो युवा दोस्तों की एक साथ मौत से गांव में शोक की लहर है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हादसे में शामिल वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## अछनेरा में सफाई कर्मचारियों के आक्रोश के बीच कस्बे की गलियों में कूड़े का अंबार

### दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर डटे महिला सभासद की तबीयत बिगड़ी, पुलिस ने नहीं कराया मेडिकल

सांध्य पहल संवाददाता





**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र में वाल्मीकि समाज की महिला सभासद के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित मारपीट के विरोध में सफाई कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सफाई कार्य ठप होने से कस्बे की गलियों में कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अछनेरा कस्बे के वार्ड नंबर 7 की महिला सभासद रानी किसी शिकायत को लेकर गुरुवार को अछनेरा थाने पहुंचीं थीं, जहां एक महिला उप निरीक्षक ने कथित रूप से उन्हें थप्पड़ मार दिया। इसके बाद जब उनके परिजन थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह से ही सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिसर में एकत्र होकर कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एक महिला जनप्रतिनिधि के साथ पुलिस की इस तरह की बर्बरता न केवल निंदनीय है, बल्कि लोकतंत्र की भी अवहेलना है।सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक सफाई कार्य पूरी तरह ठप रहेगा। यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो तहसील स्तरीय के अन्य सफाई कर्मचारी भी इस आंदोलन में शामिल होंगे। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने मौके पर पहुंचकर आगरा पुलिस कमिश्नर से वार्ता की, जिसके बाद कमिश्नर ने अछनेरा एसीपी गौरव सिंह को मौके पर भेजा। पीड़ित सभासद ने थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों के नाम दर्ज कर तहरीर लिखित रूप में एसीपी को दिए हैं। एसीपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन सफाई कर्मचारी कार्रवाई होने तक धरना खत्म करने को तैयार नहीं हैं।इस बीच, पीड़ित सभासद की हालत बिगड़ने के बावजूद पुलिस द्वारा उनका मेडिकल परीक्षण तक न कराया जाना प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया है।पूरे मामले पर प्रशासन और पुलिस की चुप्पी भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

## फसल सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम-एकीकृत कीट प्रबन्धन-जिला कृषि रक्षा अधिकारी

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कृषक भाईयों से कहा है कि फसल सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम एकीकृत कीट प्रबन्धन (आईपीएम) है। आईपीएम विधि अपनाये जिससे कृषि उत्पादन में आ रही विभिन्न व्याधियों का समुचित प्रबन्धन हो, लागत कम आये और पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिले। कृषि क्षेत्र में कीटों, रोगों और खरपतवारों को नियंत्रित करने की एक वैज्ञानिक पर्यावरण अनुकूल विधिक है। यह रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करते हुये टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देता है। उन्होने बताया है कि कीटों की निगरानी हेतु फसल को नियमित रूप से जांचें और कीटों/रोगों की पहचान करें, फेरोमोन ट्रैप या स्टिकी ट्रैप का उपयोग करें व लाभदायक और हानिकार कीटों में अन्तर समझें। उन्होने निवारक उपाय के सम्बन्ध में बताया है कि स्वस्थ मिट्टी प्रबन्धन हेतु जैविक खाद, कम्पोस्ट और हरी खाद का प्रयोग करें, एक ही फसल बार-बार न लगायें, सही बीज चुनाव के तहत रोगरोधी किस्में बोएं, समय पर बुवाई और कटाई कर कीटों के जीवन चक्र को तोड़ें। उन्होने यांत्रिक/भौतिक नियंत्रण के सम्बन्ध में बताया है कि हाथ से कीटों को इकठ्ठा कर नष्ट करें, जाल, रिफ्लेक्टर टेप या बैरियर लगायें, खेत की सफाई रखें और सवंमित पौधों को हटा दें। जैविक नियंत्रण के सम्बन्ध में उन्होने बताया है कि प्राकृतिक शत्रुओं (लाभदायक कीट) को बढ़ावा दें जैसे लड़ाकू कीट-लेडीबर्ड (एफिड खाने वाला), मकड़ी, परजीवी ततैया, जैविक कीटनाशक-नीम का तेल, बैसिलस ब्यूवेरिया बैसियाना का प्रयोग करें। रासायनिक नियंत्रण के सम्बन्ध में बताया गया है कि यदि अन्य विधियॉ असफल हो तो कम विषैले कीटनाशक (जैसे नीम आधारित) का सीमित उपयोग करें, कीटनाशकों का छिड़काव सही समय और सही मात्रा में करें। उन्होने आईपीएम के लाभ के सम्बन्ध में बताया है कि पर्यावरण और मिट्टी की सेहत सुरक्षित रहती है, लागत कम होती और उत्पादकता बढ़त्रह्ी है, कीटनाशक प्रतिरोधकता कम होती है।

## डा. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में पालिकाध्यक्ष ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित

**हाथरस।** नगर पालिका परिषद द्वारा आज शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के उपलक्ष्य में डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल से 15 दिवसीय 28 अप्रैल तक कार्यक्रम में भागीदारी को सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किये जाने के निर्देश के अनुपालन में पूरे प्रदेश में जयंती महोत्सव अभियान चलाया जा रहा है ।कार्य योजना के अनुरूप आज नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल में विजय प्रकाश स्वर्णकार प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, संजय अग्रवाल लेखाकर, राजेश परिहार खजांची, यशुराज शर्मा प्रभारी नजूल निरीक्षक एवं अमित कुमार कर संग्रहक के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती श्वेता चौधरी एवं अन्य विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती श्वेता चौधरी द्वारा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद में कार्यरत महिलाओं श्रीमती ममता गुप्ता वरिष्ठ लिपिक, श्रीमती पिंकी चौहान राजस्व निरीक्षक, कु. पिंकी गुप्ता परिसेवक, कु.मीनू कनिष्ठ लिपिक, श्रीमती कविता सफाई कर्मचारी, श्रीमती चेतना शर्मा, आउटसोर्सिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर, श्रीमती सोनिया सिंह लाइसेस लिपिक, श्रीमती रचना पाठक प्र. मांग लिपिक, श्रीमती नीरेश सफाई कर्मचारी, श्रीमती मिथलेश परिसेवक, श्रीमती रजिया बेगम आदि को उनके द्वारा नगर पालिका परिषद में उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों हेतु उनकों सम्मानित किया गया।

## वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारम्भ, अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ

### जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी/कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों के ग्रामीण क्षेत्रों के सत्यापन हेतु खण्ड विकास अधिकारियों एवं नगरीय/शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों के सत्यापन हेतु उप जिलाधिकारियों/अधिशासी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा विकास खण्ड लालगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सत्यापित पेंशनरों का क्रास वेरिफिकेशन किया गया। बुजुर्गो को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसके अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन के कुल-152860 पेंशनरों का सत्यापन 15 मई 2025 तक पूर्ण किया जायेगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी/कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही। सत्यापन का कार्य गहनता से कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। जीवित पेंशनर को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी/कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मण्डलीय उप निदेशक एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा 10 प्रतिशत सत्यापन का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जायेगा। जीरो पावर्टी अभियान में चिन्हित परिवारों का सत्यापन हो रहा है, पात्रता के अनुसार चिन्हित परिवारों को पेंशन से लाभान्वित कराया जायेगा। ज्ञातव्य है कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बी0पी0एल0 आय सीमा के अन्तर्गत वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपयें की पेंशन डी0बी0टी0 के माध्यम से तिमाही प्रदान की जा रही है। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरुरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपयें और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपयें से कम होनी चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्र में सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कराया जा रहा है। योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए है। इसके लिए लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करवाने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जाती है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नम्बर को बैंक खातों से लिंक करवाया जाता है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सकें।

## राज्य सरकारों की पंचायतों के प्रति उपेक्षा असहनीय : अशोक जादौन

**हाथरस।**अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जादौन ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाएँ संवैधानिक अधिकार पाकर भी अधिकांश राज्यों में सरकार की उपेक्षा के कारण सफलता हासिल नहीं कर पा रही हैं। महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज का सपना साढ़े सात लाख गाँवों के भारत के भविष्य को उज्ज्वल करना था। लेकिन यह काम लोक सभा और विधान सभा के सदस्यों एवं स्वार्थी राजनीतिज्ञों के कारण बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों पदाधिकारियों एवं ग्राम वासियों के कंधों पर 78 वर्ष के बाद लोकतंत्र की रक्षा का भार और पंचायती राज जो जर्जर और विखंडित अवस्था में है। उसे सशक्त एवं सबल बनाने का दायित्व है। पंचायतों को कागज पर लोकतांत्रिक मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए सभी वर्ग,समुदाय, अल्प संख्यक , महिला, अनुसूचित एवं जन जाति इत्यादि का प्रतिनिधित्व मिला है और पंचायती राज में एक साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ निः स्वार्थ भाव से कीजिए। विभिन्न प्रदेशों के भ्रमण के दौरान प्रायः देखने को मिला कि समाज के निम्न दबे- कुचले वर्ग , जिनका जीवन सदियों से अशिक्षा, शोषण और अंधकार में व्यतीत हो रहा है। उन्हें राजनीतिज्ञों, विधान सभा और लोक सभा की नीतियों पर भरोसा नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोगों के जीवन स्तर को उठाना और उन्हें रोशनी प्रदान करना , पंचायतों का प्रथम कर्तव्य बनता है। पंचायती राज में सम्पूर्ण शक्तियाँ ग्राम सभा को सौंपी गयी है। अखिल भारतीय पंचायत परिषद , सम्बद्ध प्रदेश/ राज्य पंचायत परिषद एवं बलवंत राय मेहता पंचायती राज संस्थान ( फ़ाउंडेशन ) अपने स्तर से साढ़े सात लाख गाँवों एवं ग्राम सभाओं में कार्यरत पंचायती राज प्रतिनिधियों के हितों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है।

## पुलिस टीम ने स्कूल कॉलेजों में छात्राओं को किया जागरूक

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति फेज-04 अभियान के तहत समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम, महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक ।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ ।** थाना गाजीपुर पुलिस ने एक महिला से शादी का झांसा देकर कई महीनों तक शारीरिक शोषण करने और धमकी देने के आरोपी अनवर सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया है।गौरतलब है कि 5 मार्च 2025 को पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि अनवर सिद्दीकी ने बीते चार महीनों से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसके साथ मारपीट व धमकी भी दी।

पीड़िता के अनुसार, आरोपी के दोस्त साहिल, मोनू, तालिब और दानिश ने भी उसे गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में गाजीपुर थाने में मु.अ.सं. 83/2025, धारा 69/115(2)/352/351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था।शुक्रवार 18 अप्रैल को गाजीपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी अनवर सिद्दीकी लाल मस्जिद के पास खड़ा है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने पर उसने अपनी पहचान मो. अनवर सिद्दीकी पुत्र स्व. मो. शकील सिद्दीकी, निवासी 544ए/598, निकट आर.पी. लॉन, सरदार नगर, बालागंज, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ, उम्र 31 वर्ष, बताई। वह पेशे से एक होटल में काम करता है।फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी अन्य थानों से जुटाई जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक आनन्द कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद चौधरी, हेड कांस्टेबल बालकुश यादव व कांस्टेबल अशोक कुमार शामिल थे।

## वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ

**हाथरस।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरिता ने बताया कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश के द्वारा समस्त मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के जनपद हाथरस के 34715 पेंशनरों का सत्यापन 25 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव से 25 परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिसमें जनपद हाथरस के कुल 1088 वृद्धजन चिन्हित किये गये है, इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन करवाए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा। उन्हें जून माह से प्रथम किशत की पेंशन दी जाएगी। उन्होने बताया कि जनपद हाथरस के 34715 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी उसमें से 10 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन भी करेंगे। जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी । जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित निर्धनतम परिवारों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जायेगा।

## मलिहाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी, दो वाहन चोरों को चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**लखनऊ।** थाना मलिहाबाद पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों ने इससे पहले भी कई स्थानों से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की है।शनिवार सुबह करीब 7 बजे चौकी कसमण्डी क्षेत्र के वाजिदनगर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट वाली अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रोकने की कोशिश पर दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।पकड़े गए युवकों की पहचान 19 वर्षीय जीशान पुत्र इरफान, निवासी ग्राम सहजना निवाड़ी थाना माल, और 23 वर्षीय अवधेश पुत्र राजेश पासी, निवासी ग्राम धूम चेला थाना माल, जनपद लखनऊ के रूप में हुई है।पूछताछ में दोनों ने कबूला कि उन्होंने 18 अप्रैल की रात करीब 8-30 बजे ग्राम गदियाखेड़ा मजरा गढ़ी जिन्दौर थाना रहीमाबाद से उक्त अपाचे बाइक चोरी की थी, जिसे वे बेचने की फिराक में थे।

# राणा सांगा विवादः सपा सांसद के घर पहुंचे अखिलेश, बोले- मुझे फूलन देवी जैसी हत्या की धमकी मिली, मैं दलित रामजी सुमन के साथ

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव राणा सांगा को गद्दार कहने वाले रामजीलाल सुमन से मिलने आगरा पहुंचे। उन्होंने सपा सांसद का हाल चाल जाना। इसके बाद कहा मैं दलित सांसद रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा हूं। मुझे धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार इनके पीछे कौन हैं। सपा प्रमुख ने कहा आगरा में जो तथाकथित शक्ति प्रदर्शन हुआ, उसमें तलवारें लहराई गईं। आरोपियों को कार्रवाई का डर नहीं है। रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ की गई। यह हमला अचानक नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत किया गया। इधर, क्षत्रिय सभा और अन्य हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए सांसद के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सोसाइटी और आसपास पुलिस और पीएसी के 400 जवान तैनात रहे। सिर्फ उन्हीं लोगों को आईडी कार्ड देखकर एंट्री दी गई, जिनके नाम सांसद की ओर से पुलिस को दिए गए। रामजीलाल सुमन हरीपर्वत स्थित जिस एचआईजी सोसाइटी में रहते हैं।

**अब सवाल जवाब में अखिलेश का पूरा बयान पढ़िए :**

**सवाल :** रामजीलाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए बयान को लेकर आपका क्या कहना है?

**जवाब :** जो इतिहास हमें आगे न बढ़ाता हो, हमारे आपके बीच दूरियां पैदा करता हो, उसे इतिहास में ही रहने देना चाहिए। इतिहास में बहुत सी ऐसी चीजें छिपी हैं, कुछ आपको अच्छी नहीं लगेंगी, कुछ हमें अच्छी नहीं लगेंगी।

**सवाल :** रामगोपाल आगरा आए थे। कहा था 20 अप्रैल के बाद सपा सड़क पर उतरेगी। क्या रणनीति है।



**जवाब :** बाबा साहब के संविधान में हमें जो अधिकार मिले हैं, उसके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। जिन्होंने तलवारें लहराईं, गालियां दीं। उनके खिलाफ कार्रवाई कराकर रहेंगे। हम लोग संविधान को मानने वाले हैं।

**सवाल :** मुरशिदाबाद में कत्लेआम हो रहे हैं, आप हिंदुओं के कत्लेआम पर नहीं बोल रहे, क्यों?

**जवाब :** भाजपा कभी महंगाई पर बात नहीं करती। किसानों की आय दोगुनी हुई या नहीं, इस पर बात नहीं करती। आपके आगरा के विकास पर बात नहीं करती। आप सभी जाम में फंसते होंगे।

**सवाल :** आगरा में करणी सेना के शक्ति प्रदर्शन पर क्या कहेंगे?

**जवाब :** आगरा में जिस तरह नंगी तलवारें, बंदूकें और डंडे लहराए गए। क्या सरकार ने इसकी परमिशन दी थी? परमिशन शांति से सम्मेलन करने की मांगी गई थी, जो प्रशासन ने दी। आपने देखा होगा, तोड़फोड़ से लेकर हमला तक किया गया। उनका इरादा जान लेने का था। जिसने मुझे जान से मारने की धमकी दी, वो बहुत ही भोला भाला और सीधा इंसान है। ऐसे ही बहुत सारे भोले भाले लोग आए थे। उन्हें कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया गया। कठपुतली बनाने में धागा लखनऊ वालों के हाथ में था या दिल्ली वालों के हाथ में ये उन्हें नहीं मालूम था।

# सांसद सुमन के आवास पर हमला सरकार प्रायोजित बड़ी साजिश थी- अखिलेश

## सपा प्रमुख बोले- भीड़ को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया गया, इनके धागे लखनऊ या दिल्ली के हाथ में थे

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद के आवास पर हुआ हमला और उसके बाद खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। उन्होंने दावा किया कि इसमें भीड़ को कठपुतली की तरह का इस्तेमाल किया गया, जिनका धागा लखनऊ या दिल्ली के हाथों में था। संजय प्लेस स्थित एचआईजी फ्लैट्स में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पहुंचे अखिलेश यादव ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की मर्यादाओं का चीरहरण÷ करार दिया। उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण सम्मेलन के नाम पर तलवारें, बंदूकें और डंडे लहराए गए। इससे पहले बुलडोजर थानों की सीमाएं लांघते हुए सांसद के घर पहुंचे। यह किसी भी रूप में सामान्य विरोध नहीं कहा जा सकता। उन्होंने दावा किया कि यह केवल एक स्थानीय विवाद नहीं बल्कि सरकार प्रायोजित साजिश थी। हमले और हथियार प्रदर्शन को सरकार का खुला समर्थन प्राप्त था। यहां तक कि इसके लिए फंडिंग भी की गई।

**गलत भाषा और जानलेवा मंशा**

सपा प्रमुख ने कहा कि सांसद सुमन और उनके परिवार को डराने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा, हमारे सांसद के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया गया और ऐसा माहौल बनाया गया जिससे साफ था कि हमला जानलेवा हो सकता था। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में कुछ भोले-भाले लोगों को आगे कर दिया गया, लेकिन योजना कहीं और बनी थी। ÷मुझे गोली मारने की धमकी दी गई। मैं जानता हूं कि ये धमकी देने वाला खुद नहीं बोला। वह तो भोला भाला है। किसी और ने उससे ये कहलवाया।द

**इतिहास को इतिहास ही रहने दें**

राणा सांगा पर सांसद सुमन द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान पर उठे विवाद को लेकर जब अखिलेश से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने दो टूक कहा कि जब वह बयान कार्यवाही से हटा दिया गया था, तो फिर उसे बार-बार वायरल करना केवल माहौल खराब करने की कोशिश है। उन्होंने सुझाव दिया कि इतिहास के विवादित हिस्सों को तूल न दिया जाए।

**विपक्ष को डराने की कोशिश**

अखिलेश ने कहा कि सरकार आगरा और प्रदेश भर में पीडीए (पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक) वर्ग के नेताओं को डराने की कोशिश कर रही है। हमारे नेता सुमन पर हमला करके सरकार ने यही संदेश देने की कोशिश की है।सपा प्रमुख ने यह भी बताया कि सांसद सुमन से मिलने के लिए राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और शिवपाल सिंह यादव पहले ही आगरा आ चुके हैं, और वे स्वयं पार्टी की एकजुटता दिखाने के लिए अब पहुंचे हैं। इससे पूर्व अखिलेश के पहुंचते ही आवास के बाहर सड़क पर खड़े सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत में जोरदार नारेबाजी और आवास परिसर में जाने का प्रयास किया पर पुलिस ने किसी को भी अंदर नहीं घुसने दिया। आवास के चारों तरफ़ पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता से छात्रों में बढ़ेगा आत्मविश्वासः टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व छमता का होगा विकासः इं0 राघव

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** शनिवार को गैलाना रोड स्थित जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का आयोजन किया गया। आयोजन में विद्यालय के संस्थापक इं0 आर0 के0 सिंह राघव एवं निर्देशिका डॉश मीना सिंह राघव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सीनियर कैटेगरी (बालक वर्ग) के फाइनल में रेड हाउस ने येलो हाउस को 12- 04 से शिकस्त दी। जूनियर कैटेगरी ( बालक वर्ग ) में येलो हाउस ने ब्लू हाउस को 14-06 से हराकर खिताब अपने नाम किया। रेड हाउस एवं येलो हाउस के कप्तानों को विद्यालय के संस्थापक इं0 आर0 के0 सिंह राघव ने ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों को संबोधित अपने उद्बोधन में श्री राघर ने कहा कि इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता रोमांच और प्रतिस्पर्धी आयोजन हैं, जिसमें विभिन्न हाउस के छात्रों ने अपने बास्केटबॉल कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि वे खेल के प्रति प्रोत्साहित होंगे और टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करने में मील का पत्थर साबित होंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीन कुलश्रेष्ठ एवं समस्त शिक्षकगण मौजूद रहा। प्रतियोगिता का पूर्ण संचालन विद्यालय के खेल-कूद प्रभारी दीपक सिंह धाकरे ने किया।

# वाहनों की बैटरी चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। 19.04.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना सदर बाजार पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित सेवला थाना सदर बाजार का निवासी है और पीड़ित व उसके साथी ईट भट्टा पर से ईटो को लाकर ईट मंडी सेवला जाट अपने अपने ट्रैक्टरो को लाकर खडे करते है, दिनांक 30.03.2025 को पीड़ित व उरके साथियों ने अपने अपने ट्रैक्टर ईट मंडी सेवाला जाट पर खडे किये थे। किसी अज्ञात चोर द्वारा वहां खडे 05 ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी कर ली गयी है। इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा दर्ज किया गया। उपरोक्त बैटरी चोरी के प्रकरण में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बैटरी की बरामदगी हेतु थाना सदर बाजार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। दिनांक 19.04.2025 को गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त/चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त हरीश को नैनाना ब्राह्मण को जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित खाली ग्राउंड से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 11 बैटरी (चोरी की), 01 आटो (घटना में प्रयुक्त) बरामद हुआ ।

**पुछताछ में बताया गया**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद 11 बैटरी के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि बरामद बैटरी चोरी की है, जिसमें से 05 बैटरी दिनांक 30.03.25 को रात्रि के समय सेवला जाट में ईट मण्डी पर खडे 05 ट्रैक्टरो से चुरायी था और कुछ बैटरी उसने कुछ महीने पहले सेवला राधा कृष्ण हास्पीटल के पास सडक किनारे खडे कैन्टर से चोरी किये थे, कुछ बैटरी स्कूल बस से और दो बैटरी धनौली से सडक किनारे खडे ट्रैक्टर से चोरी की थी, इसके अलावा अन्य स्थानो से भी रात के समय खडे वाहनो से बैटरी चोरी की है और कुछ बैटरी उसने राह चलते लोगों को बेच दी है। बरामद आटो का इस्तेमाल वह चोरी की बैटरी को ऑटो में रखकर ले जाने में करता है।पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त हरीश पुत्र बाबूलाल कुशवाह मूल निवासी तोतानगर हलवाई वाली गली, सेवला जाट थाना सदर बाजार आगरा हाल पता सुल्तानपुरा सब्जी मण्डी के पास आगरा कैंट थाना सदर बाजार आगरा है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी सदर बाजार बिरेश पाल गिरी चौकी प्रभारी बुन्दू कटरा, एसआई अजय कुमार, एसआई फ़िरोज़ खान एसआई आकाश धामा, एसआई रिक्की पुनिया एसआई मोहित कुमार, एसआई जुगनू चौधरी, हेड कांस्टेबल सुनील बाबू, कास्टेबल जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शनिवार को तहसील एत्मादपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई जनसमस्याओं व शिकायतों को मण्डलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सुना गया। शिकायतों के उचित व त्वरित निस्तारण हेतु मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में आज कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में थाना निबोहरा निवासी जितेन्द्र द्वारा शिकायत की गई कि उनके खेत पर जाने वाले चकमार्ग पर गांव के ही दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आयुक्त महोदय द्वारा मौके पर मौजूद थाना निबोहरा प्रभारी को धमकी देने वाले दंबगों का अपराधिक इतिहास खंगालने और इस प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। टीकपुरा निवासियों द्वारा समस्या रखी गयी कि उनके गांव जाने वाले रास्ते पर काफी जलभराव हो रखा है जिसमें घरों से निकलने वाला पानी भरा रहता है। रास्ते किनारे नाली बनायी जाए ताकि गंदे पानी की निकासी हो सके। धनौला कलां निवासी महिला ने शिकायत की कि उनके पैतृक घर के दरवाजे के बाहर और रास्ते पर दबगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। संबंधित अधिकारी को तत्काल उचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गये। सलैमपुर मुड़िया निवासी दयाराम शर्मा ने अपने पेट्रोल पंप के मैनेजर पर आर्थिक धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। डीसीपी पूर्वी को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा दीवानी बार एसोसिएशन फतेहाबाद के अधिवक्ताओं ने आयुक्त महोदय के समक्ष वादकारियों और आमजन हेतु शीतल पेयजल की टंकी का निर्माण कराने से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद को कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए मण्डल आयुक्त महोदय ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण और आईजीआरएस रैंकिंग में आगरा आगे बढ़ रहा है। इसलिए सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा है कि कार्यालय दिवस और विशेषकर संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। समाधान दिवस के अलावा अन्य कार्यालय दिवस में भी अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर कम से कम एक घंटा जनसुनवाई करें। शिकायतों के निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ताओं से बात कर गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए।

# आगरा मंडल में लोको पायलटों को दी जा रहीं बेहतर सुविधाएं

## मंडल के आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन व ईदगाह जंक्शन पर लोको पायलटों के लॉबी और रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में उनके वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। आगरा मंडल लोको पायलटों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे अपनी ड्यूटी को बेहतर ढंग से कर सकें और उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके,आगरा मंडल में आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन व ईदगाह जंक्शन पर लोको पायलटों के लिए लॉबी और रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अच्छे से सुसज्जित किया गया है।लोको पायलट को रिफ्रेशमेंट रूम, स्टेशन क्षेत्र में वाकिंग सुविधा, रनिंग रूम में कैंटीन की सुविधा, योग, अच्छा खानपान और गुणवत्तापूर्ण आराम की सुविधा प्रदान की गई है। कोहरे में सुरक्षा के लिए फॉग-सेफ्टी उपकरण, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और इंप्रूव्ड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों से रेलवे सेफ्टी बेहतर हुई है और लोको पायलटो को भी काफी सुविधा मिली है।

मालगाड़ी ट्रेन और पैसेंजर एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन करने वाले लोको पायलटों के टॉयलेट ब्रेक और स्नेक्स हेतु व्यवस्था रहती है। माल गाड़ियां कई स्टेशनों और यार्ड में रुकती हैं। इन स्टेशनों पर पर्याप्त समय होता है जिससे कर्मचारी शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही यह समय नाश्ते के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है। पैसेंजर ट्रेनों पर कार्यरत कर्मचारी स्टेशन पर ट्रेन के खड़े रहने के दौरान ट्रेन के शौचालय का उपयोग करते हैं और इस समय का उपयोग नाश्ते के लिए भी करते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोको पायलटों को सदेव सहयोग देते हैं। लोको पायलटो को वॉकी टॉकी की सुविधा भी दी गई है इसके द्वारा वह स्टेशन कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं।

# आयुष आपके द्वार निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर किया जा रहा है उपचार



सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद में संचालित 54 आयुर्वेदिक, 06 यूनानी एवं 47 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के प्रभारी द्वारा ग्रामों में सप्ताह में एक दिवस आयुष आपके द्वार निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को आयुर्वेद/यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ दे रहे है। साथ ही साथ घरेलू रसोई एवं औषधीय पौधों के माध्यम से आयुर्वेदिक लाभ हेतु जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सकों के द्वारा योग एवं प्राणायाम से जीवन चर्या एवं स्वास्थ्य को सही रखने की भी सलाह दी जा रही है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डाक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें उपयुक्त दवाईयों का वितरण भी किया जा रहा है। आयुष आपके द्वार के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लोगों को प्राप्त हो रहा है।

# हॉस्पिटल के स्टाफ ने तीमारदार को पीटाः नाराज परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा, तोड़फोड़ करने पर केस दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के रामबाग स्थित समय हॉस्पिटल के स्टॉफ ने तीमारदार को डंडों से जमकर पीटा। तीमारदार को गंभीर चोट आई हैं। इस घटना के बाद नाराज तीमारदारों ने हास्पिटल में तोड़फोड़ की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

**सिर में डंडे मारते दिखा युवक**

वीडियो में दिख रहा है एक युवक एक व्यक्ति को डंडों से बेरहमी से पीट रहा है। पिटाई करने वाला हॉस्पिटल का स्टाफ बताया गया है। वो व्यक्ति के सिर में लगातार डंडे मार रहा है। जब उसे बचाने को उसका साथी आया तो उसे भी धक्का दे दिया। इसके बाद हास्पिटल के अन्य लोग भी आ जाते हैं। वो भी उस व्यक्ति को पीटते हैं। एक स्टाफ तो उस पर कुर्सी उठाकर फेंक देता है। युवक बचने के लिए बार बार कोशिश करता है, लेकिन उसे बेरहमी से पीटा जाता है। वीडियो 1.37 मिनट का है।



**दूसरा वीडियो भी आया सामने**

वहीं हास्पिटल का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें पांच छह युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आते हैं। हास्पिटल में तोड़फोड़ करते हैं। वो हास्पिटलके काउंटर को तोड़ देते हैं। चैंबर में घुसकर भी मारपीट करते हैं। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि वीडियो सामने आया है। हास्पिटल की ओर से तहरीर दी गई थी। तोड़फोड़ करने वाले पर मुकदमा दर्ज हो गया है। दूसरे पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

**हॉस्पिटल के कारण लगा रहता है जाम**

समय हास्पिटल के बाहर एंबुलेंस और गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। इसके कारण रामबाग की ओर जाने वाली सड़क पर अधिकांश समय जाम लगा रहता है।

# थाना डौकी के कोलेरा कला में शराब ठेका हटाने को लेकर 15 दिन से चल रहा धरना राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान ने कराया समाप्त

## महिलाएं और सात वर्ष की बच्ची के भी विरोध में धरने पर बैठने पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने संज्ञान लिया और धरना स्थल पहुंची, सूचना पाकर एसडीएम फतेहाबाद एसीपी फतेहाबाद व आबकारी विभाग के अधिकारी भी मौके पर रहे मौजूद





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता चौहान जी ने स्वतः संज्ञान लेकर थाना डौकी इलाके के कोलेरा कला गांव में शराब के ठेका को हटाने को लेकर पिछले 15 दिन से चल रहा धरना मौके पर जाकर वार्ता कर समाप्त कराया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने मौके पर जाकर धरनारत महिलाओं से बात की तथा उनकी समस्या को समझा, महिलाओं ने बताया कि शराब के ठेके को गांव से हटाया जाए,गांव में शराब का ठेका होने पर गांव की महिलाओं का कहना था शराब के ठेके से शराब पीने के बाद पुरुष महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें फब्तियां व परेशान करते हैं जिसको लेकर वह धरने पर बैठी हैं, मौके पर पहुंची उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने शराब के ठेके को उठाए जाने का धरना दे रही महिलाओं को आश्वासन दिया, तथा मौके पर एसडीएम फतेहाबाद, एसीपी तथा आवकारी अधिकारियों को तलब किया,शराब के ठेके के स्थान परिवर्तन करने के निर्देश दिए। ठोस आश्वासन मिलने के बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया गया। धरने में शामिल 12 वर्षीय नाबालिग़ बच्ची को डॉ.चौहान ने पानी पिलाकर, मेडिकल चेकअप के आदेश दिए। इस मौके पर एसडीएम फतेहाबाद अभय सिंह सहित,एसीपी फतेहाबाद, आबकारी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## शांति सभी के लिए हितकर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर जो नजारा पेश आया उसमें एक साथ कई स्थितियां झलकती हैं। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक सदस्य ने स्थगन प्रस्ताव रखा कि सारा काम रोक कर वक्फ अधिनियम पर चर्चा की जाए और इसके विरोध में उसी तरह प्रस्ताव पारित किया जाए जिस तरह तमिलनाडु विधानसभा में किया गया। एक सदस्य ने कहा कि जब 6 फीसद मुस्लिम आबादी वाला तमिलनाडु वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकता है तो मुस्लिम बहुल आबादी वाला जम्मू-कश्मीर क्यों नहीं यानी यहां वक्फ अधिनियम का विरोध मुस्लिम दृष्टिकोण से है। जब जम्मू-कश्मीर भाजपा के विधायक इस तरह के प्रस्ताव का विरोध करते हैं तब यह मामला सीधे-सीधे हिन्दू-मुसलमान का हो जाता है। लेकिन जब नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा चयनित विधानसभा अध्यक्ष पार्टी के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देता और तमिलनाडु की तुलना पर कहता है कि इस समय यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है जबकि तमिलनाडु में उस समय प्रस्ताव पास हुआ था जब मामला न्यायालय में नहीं गया था। लेकिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस और कुछ निर्दलीय मुस्लिम विधायकों ने अध्यक्ष की बात को नकार दिया तो हंगामा यहां तक बढ़ा कि 'भारत माता की जय' और 'अल्लाह हू अक्बर' के नारे लगने लगे, धक्का-मुक्की हुई, हाथापाई भी हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कोशिश यह दिखाई दी कि वह वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए भी दिखाई दें, मगर वास्तव में विरोध नहीं करें। जम्मू-कश्मीर की यह स्थिति मजहब, राजनीति और सत्ता के तेजी से बिगड़ते संतुलन का प्रतीक है। विधानसभा में जिस तरह की सांप्रदायिक कटुता दिखाई दी अगर वह सदन से बाहर प्रसारित होती है तो जम्मू-कश्मीर इस समय थोड़ी शांति से जी रहा है, फिर से उपद्रवी हालात की ओर मुड़ सकता है। ऐसी सूरत में मुख्यमंत्री उमर की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मामले को यथाशीघ्र शांत करें और इसे अराजकवादी तत्वों के हाथ में पहुंचने से रोकें। केंद्र सरकार को भी इस मामले को हलके में नहीं लेना चाहिए। भाजपा और मुस्लिम नेताओं की भी इसमें जिम्मेदारी बनती है कि इस मुद्दे पर वे लोगों को अनावश्यक तौर पर न भड़काएं क्योंकि शांति सभी के लिए हितकर है। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

## भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मान्यता

# श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को धरोहर में शामिल

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)


भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत ने विश्व मंच पर एक बार फिर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के प्रतिष्ठित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना न केवल भारत के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह मानव सभ्यता के बौद्धिक और सांस्कृतिक इतिहास के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इन दोनों ग्रंथों का यूनेस्को धरोहर में शामिल होना, इन ग्रंथों के सांस्कृतिक और दार्शनिक योगदान के वैश्विक प्रभाव और भविष्य की पीढ़ियों के लिए उनके संरक्षण के महत्व को दर्शाता है। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम, जो 1992 में शुरू हुआ, विश्व की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षित करने और उनकी वैश्विक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दस्तावेजों को विस्मृति से बचाना और भावी पीढ़ियों के लिए उनकी प्रासंगिकता बनाए रखना है। इस रजिस्टर में शामिल होने वाली धरोहरें मानव सभ्यता के लिए असाधारण महत्व रखती हैं, और श्रीमद्भगवद्गीता व नाट्यशास्त्र का इसमें शामिल होना भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है।

श्रीमद्भगवद्गीता-आध्यात्मिक और दार्शनिक धरोहर

श्रीमद्भगवद्गीता, जिसे अक्सर केवल गीता कहा जाता है, भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता का एक अनमोल रत्न है। यह महाभारत के भीष्म पर्व का हिस्सा है और इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश शामिल है। गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे कर्तव्य (धर्म), ज्ञान (ज्ञान योग), भक्ति (भक्ति योग), और कर्म (कर्म योग) पर गहन दार्शनिक विचार प्रस्तुत करते हैं।

गीता का केंद्रीय संदेश मानव जीवन को संतुलित और अर्थपूर्ण बनाने के लिए है। यह व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्काम भाव से करने, आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होने और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रेरणा देता है। गीता में तीन गुणों (सत्व, रजस, तमस) का उल्लेख और सात्विक बुद्धि की महत्ता पर बल दिया गया है, जो मानव को धर्म और अधर्म, बंधन और मोक्ष के बीच अंतर समझने में मदद करती है। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता का शामिल होना इसकी सार्वभौमिक प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। यह ग्रंथ न केवल हिंदू धर्म का आधार है, बल्कि इसमें वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे विविध भारतीय दार्शनिक विचारों का समन्वय है। गीता का प्रभाव विश्व स्तर पर देखा जा




सकता है, क्योंकि इसे विभिन्न भाषाओं में अनुवादित किया गया है और यह विश्व भर के दार्शनिकों, विचारकों और सामान्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

**नाट्यशास्त्र-भारतीय कला और सौंदर्यशास्त्र का आधार**

भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र भारतीय प्रदर्शन कलाओं का एक प्राचीन विश्वकोश है। यह नाटक, अभिनय, नृत्य, संगीत, रस (सौंदर्य अनुभव), और भाव (भावनात्मक अभिव्यक्ति) जैसे विषयों पर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। नाट्यशास्त्र को भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र और सौंदर्यशास्त्र का आधार माना जाता है। इसमें रस सिद्धांत, जो नौ रसों (श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत, और शांत) को परिभाषित करता है, ने भारतीय कला और साहित्य को गहराई से प्रभावित किया है। नाट्यशास्त्र केवल एक तकनीकी ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण चेतना का प्रतीक है।

इसने न केवल भारत में, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्रों में भी प्रदर्शन कलाओं को आकार दिया है। नाट्यशास्त्र में वर्णित सिद्धांत आज भी भारतीय शास्त्रीय नृत्य (जैसे भरतनाट्यम, कथक, और ओडिसी) और रंगमंच में जीवंत हैं। यूनेस्को द्वारा नाट्यशास्त्र को मान्यता देना भारतीय कला और संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। यह ग्रंथ मानव अभिव्यक्ति और सौंदर्यशास्त्र के क्षेत्र में भारत के योगदान को रेखांकित करता है।

## शब्द सामर्थ्य -023

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1\. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1\. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 022 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## व्यंग्य: डर बिकता है

विवेक रंजन श्रीवास्तव

हारर फिल्मों में डर का उत्पादन एक फैक्ट्री की तरह होता है– एकदम फॉर्मूला बेस्ड डर, जैसे स्कूल में पीरियड के लिए घंटी बजते ही सारे बच्चे अनुशासन में आ जाते थे, वैसे ही इन फिल्मों में डराने के लिए पत्तों की सरसराहट और बिजली की कड़कड़ होती है। निर्देशक की सोच किसी भूतिया हवेली में जाती है, वहां कैमरा पहुंचते ही पत्ते सरसराने लगते हैं । दरवाजा चूं चरर चूं की आवाज करता है और प्रकाश मद्धिम होता है, मकड़ी के जाले, धूल बोनस में मिलते हैं, पर एक चौकीदार हवेली में जाने किसकी तीमारदारी के लिए सुलभ मिलता है। भूत का भय भूत से बड़ा होता है। डर ही पैदा करना है , तो सीधे भूत को सामने लाइए, ये पेड़ों में लटकाकर भूत को सजा देने मुझे क्या तुक है? और बारिश, हर भूतिया कहानी में बारिश होती ही है? क्या भूतों का मौसम विभाग से कोई अनुबंध है? जहां डर की आवश्यकता हो, वहां तुरंत घनघोर घटा , आंधी आ जाती है। बिजली गायब हो जाती है और आती है, व्हाया आसमान , लरजती चमकती कड़कती है, जैसे किसी पुराने बिजली विभाग के कर्मचारी ने आसमान में एक्स्ट्रा ओवरटाइम लगाया हो। हारर फिल्में एक खास ध्वनि प्रभाव पर जीती हैं। साउंड इंजीनियर के ट्रेक फिक्स हैं, दरवाजा के पल्ले खोलते ही वह चरमराता है, बैकग्राउंड में पायल के घुंघरू छनकाते सफेद वस्त्रावृत महिला दूर जाती दिखती है । इतने पर भी जब समझदार दर्शकों के रोंगटे खड़े नहीं होते तो किसी चमगादड़ को अचानक उड़ाना पड़ता है साउंड इफेक्ट दर्शक में डर भरने का काम करता है।आता है । इस मुकाम के आते आते फिल्म समीक्षक दस में से कितने स्टार देने हैं , तय कर चुकते हैं । हर हारर फिल्म में एक कहानी श्लोक की तरह दोहराई जाती है। पचास साल पहले इस हवेली में एक साध्वी की निर्मम हत्या हुई थी... तबसे उसकी आत्मा यहां भटक रही है। मतलब पचास साल हो गए, और आत्मा अभी भी निकलने वाला मूड नहीं बना पाई! इतने सालों में उसे कोई आत्मा विकास केंद्र न मिल पाया। ये फिल्मी आत्माएं भी पुरानी हवेलियों में ही क्यों भटकती हैं? रेलवे स्टेशन, नए नए खुल रहे एयर कंडीशन मॉल या बिजली विभाग के दफ्तर में क्यों नहीं दिखतीं? शायद वहां डराने से पहले ही उन्हें टिकट या बिजली बिल भरना पड़ता हो। पुरानी एवरेडी वाली टार्च की रोशनी में जब बुजुर्ग चौकीदार खड़खडाहट की तरफ रोशनी डालता है तो काली बिल्ली नजर आती है । भूत भी इतने सभ्य होते हैं कि हमेशा रात का ही इंतजार करते हैं। दिन में अगर कोई डरावना सीन हो जाए तो सेंसर बोर्ड शायद उस भूत की नागरिकता रद्द कर दे। और जब भूत आता है, तो कैमरा जूम इन करता है–तीन बार, तीन एंगल से–मानो भूत की कोई इंस्टाग्राम रील बन रही हो! कुछ फिल्मों में तो भूत खुद को इतना स्टाइलिश दिखाते हैं कि लगने लगता है जैसे वो कोई ब्यूटी पार्लर से निकलकर सीधे शूट पर आए हों। बाल लहराते हुए , भूरी आंखों में काजल, और चाल में स्लो मोशन–भूत कम, फैशन शो के प्रतिभागी लगते हैं। नायक या नायिका अकेले किसी कोठरी में जाता है, और वहां दीवार पर खून से लिखा होता है–भाग जा! लेकिन वो उल्टा पूछता है, कौन है? अरे, लिखा है भाग जा, तो भाग! पर हॉरर फिल्म का राइटर पंगा लेता ही है। ओझा या तांत्रिक की एंट्री होती है, मनोरंजन डबल , इस बीच एक गाना सैट हो जाता है। बाबा लोग हमेशा काले कपड़े में आते हैं । अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है।

## सू- दोकू क्र.023

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1\. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2\. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3\. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.022 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में दिन व्यतीत होगा। आज आपको स्वयं पर भरोसा रखना होगा। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें। आज के दिन निवेश करना भविष्य के लिए लाभकारी रहेगा। प्रॉपर्टी अथवा वाहन खरीदने संबंधी विचार चल रहा है, तो उस पर अमल करने का अनुकूल समय है। कुछ समय अपनी रुचि संबंधी कामों में भी बिताएंगे। अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार जरूर करें।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में ध्यान देने की जरूरत है। आज उत्तम स्थिति बनी हुई है लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने के योग है। प्रॉपर्टी से संबंधित कार्यवाही चल रही है, तो आज बात बन सकती हैं। जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपके आत्म बल को और अधिक मजबूत रखेगा। आपके प्रयासों से रुके हुए कार्य सुचारु रूप से चलेंगे। अपने प्रत्येक कार्य को गंभीरता से पूरा करने का प्रयास करें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें। अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को अहमियत दें। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने से उनका मनोबल बढ़ेगा। इसलिए उनके साथ कुछ समय बिताएंगे। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। घर की सुख- सुविधा से संबंधित मूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी करेंगे। धर्म-कर्म के मामलों में आस्था बनी रहेगी। नया वाहन लेने का मन बनाएंगे, परिवार वालों से भी सलाह लेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज खास कार्य पूरा होने से आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज अपने बारे में सोचे और अपने लिए ही काम करें। पारिवारिक समस्या किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से समाप्त होगी और आपसी रिश्ते बेहतर बनेंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष बेहतर बना रहेगा। परंतु खर्चों पर कटौती करना भी मुश्किल होगा। खुद को साबित करने के लिए और मेहनत की जरूरत है। आज अपने सभी निर्णय खुद ही लें, तो आपके लिए कारगर साबित होंगे। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो आपका समय नुकसान होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा। कुछ समय अध्यात्मिक अथवा धार्मिक गतिविधियों में व्यतीत करें। व्यवसाय में किसी के साथ डील या लेनदेन करते समय बहुत अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी प्रसन्न होने की वजह देंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है, जल्द ही सफलता मिलने वाली है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से देर तक रुकना पड़ेगा। आज रुका हुआ काम पूरा होने वाला है। आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच आपको योजनाबद्ध तरीके से काम संपन्न करने में मदद करेगी। सामाजिक गतिविधियों में आपका उचित योगदान बना रहेगा। लोग आपके कार्यों से प्रभावित होंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन लाने वाली है। इस समय व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए नया प्लान बनाएंगे।विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश कर सकते है। सरकारी सेवारत लोगों को बेहतरीन जिम्मेदारी मिलने वाली है। आज कुछ अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा और आपको नई-नई जानकारियां हासिल होगी। युवाओं को अपने किसी प्रोजेक्ट को लेकर की गई मेहनत का बेहतर परिणाम मिलेगा। लव मेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करेंगे। मन मुताबिक परिणाम मिलने से मन में खुशी रहेगी। युवाओं को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। आज व्यवसाय संबंधी किसी काम में पिता जी से सलाह मिलेगी जो आपके लिए कारगर साबित होगी। मशीनरी आदि से जुड़े व्यवसाय में आपको अच्छा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज सफलता मिलने वाली है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी दोस्त से खुशखबरी मिलने वाली है। आज आपको ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो कि आपके भविष्य के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण व संतुलित व्यवहार लोगों को बेहद पसंद आएगा। किसी धार्मिक स्थल पर जाने से मानसिक शांति मिलेगी। आज काम समय पर पूरा करना आपकी मेहनत पर निर्भर करेंगे। प्रशासनिक नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को आज बड़ी सफलता मिलने वाली है।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। आज आप व्यापार में प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देंगे। आज कई चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। किसी को उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उपलब्धि मिल सकती हैं। जिससे समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। आज मित्रों का सहयोग आपकी मुश्किल को हल कर सकता है। लवमेट से उपहार मिलेगा जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर चल रही समस्या का समाधान मिलेगा। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आएगा। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। एक दूसरे पर भरोसा बनाये रखें, रिश्ते में मजबूती आएगी। अचानक कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे, जिन पर कटौती करना संभव नहीं होगा। लेकिन आय रोज की अपेक्षा ज्यादा होगी। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। साथ ही एक दूसरे को उपहार भी देंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे और आप अपने अंदर अद्भुत ऊर्जा महसूस करेंगे। युवा वर्ग अपने भविष्य संबंधी गतिविधियों को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे। घर में रिश्तेदारों के आने-जाने से दिन भर चहल पहल बनी रहेगी। आज उधार दिया हुए पैसा अचानक आपको वापस मिलेंगे। जिससे आप अपने जरुरत का सामान खरीदेंगे। छात्रों को आज बड़ी सफलता मिलेगी, जिससे लोग शुभकामनाएं देंगे।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बाद अब ब्लॉकचेन वोटिंग सिस्टम की सुगबुगाहट

(डॉ. राघवेन्द्र शर्मा-विनायक फीचर्स)



वैश्विक स्तर पर स्थापित सत्य है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। एक ऐसा देश जहां लगभग डेढ़ अरब लोग निवास करते हैं। जनसंख्या के लिहाज से यह इतना बड़ा आंकड़ा है कि भारत का एक-एक शहर अपने भीतर एक से अधिक राष्ट्र समाहित कर लेने की हद तक फैला हुआ है। फिर भी हमारे देश के नागरिक बेहद आधुनिक चुनाव पद्धति के माध्यम से ग्रामीण, शहरी, जनपदीय, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भली भांति हर प्रकार की सरकारों का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से कर रहे हैं। आज जब स्वयं को विकासशील और विकसित कहने वाले अनेक राष्ट्र मतपत्र आधारित चुनाव प्रणाली में ही उलझे हुए हैं,तब हमारा भारत देश अत्याधुनिक चुनाव प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तक का सफर तय कर चुका है। एक जमाना ऐसा था जब हमारे यहां भी मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया व्यवहार में लाई जाती थी। लेकिन इस देश ने और देश के चुनाव आयोग ने मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए अनेक प्रतिकूल, बेहद खतरनाक परिणाम भी देखे। कई दशकों तक येन केन प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने अथवा सत्ता पर काबिज होने के लिए मतदान प्रणाली की सात्विकता का हरण किया जाता रहा। जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर अनेक अवसरवादी, सत्ता लोलुप और नैतिकता से लगभग नाता तोड़ चुके घाघ राजनेता बूथ कैप्चरिंग करते रहे। नकली मत पेटियों से असली मत पेटियां बदली जाती रहीं। चुनावी टीम को एक प्रकार से अपहृत करते हुए मनपसंद उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह पर यंत्रवत ठप्पे लगाए जाते रहे। इस पाप पूर्ण कृत्य का विरोध करने पर जागरूक मतदाताओं, चुनाव कराने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जाता रहा। फल स्वरुप एक समय ऐसा भी आया जब गांव की पंचायत से लेकर देश की लोकसभा तक, विभिन्न सदनों में, बाहुबल के बल पर जीत कर आए, आपराधिक पृष्ठभूमि के जनप्रतिनिधियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई। जब देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न चुनाव रक्त रंजित होने लगे, तब देश के प्रबुद्ध वर्ग को चिंता हुई?। यह विमर्श किए जाने लगे कि ऐसा क्या किया जाए, जिससे चुनाव में रक्तपात ना हो। निर्वाचित होकर भी वही लोग सदन में पहुंचे मतदाता जिन्हें स्वेच्छा से चुनना चाहते हों। तब देश के सामने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विकल्प सामने आया। तमाम अध्ययनों के बाद, कोई खामी शेष न रह जाए यह सुनिश्चित करने के बाद, अपराधी किस्म के नेता बूथ कैप्चरिंग ना कर पाएं यह संतुष्टि करने के बाद, अंततः देश ने ईवीएम यानि कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को अपना लिया। इस प्रकार वर्ष 1982 में केरल राज्य के उत्तरी पारावुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पहली बार ईवीएम आधारित चुनाव प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। यह चुनाव उम्मीद से कहीं आगे जाकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के परिणाम भी पारंपरिक मत पत्रों पर आधारित चुनाव प्रणाली की अपेक्षा बहुत जल्दी प्राप्त हो गए। अपवाद स्वरूप प्राप्त बेहद सीमित आपत्तियों के अलावा कोई उल्लेखनीय खामी सामने नहीं आई, जिसके चलते इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया। बाद में जब विधानसभाओं और लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग शुरू हुआ तो इसकी पारदर्शिता और सात्विकता पर अनेक उंगलियां उठीं। फल स्वरुप देश के चुनाव आयोग ने राज्यसभा, लोकसभा, विभिन्न प्रांतो की विधानसभाओं के अलावा कलेक्टरेटों में, और जहां तक संभव हो सकता था वहां तक इन मशीनों का प्रदर्शन किया। सभी स्तर के आम और खास लोगों को इसकी प्रक्रिया बताई व दिखाई गई। साथ में शिकायतें सुझाव एवं आपत्तियां मंगाई गईं। हर एक शिकायत, आपत्ति और सुझाव पर बारीकी से विचार विमर्श हुआ। जो सुझाव उचित लगे उन्हें व्यवहार में लाया गया। जिन शिकायतों अथवा आपत्तियों में तार्किकता दिखाई दी, उन्हें पूरी ईमानदारी से निराकृत किया गया। जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सात्विकता, उनकी पारदर्शिता को लेकर व्यापक स्तर पर संतुष्टि काबिज हो गई, तब कहीं जाकर इस चुनाव प्रणाली को वृहद स्तर पर व्यवहार में लाया गया। यह बात और है कि चुनाव में मुंह की खाने वाले राजनेता और राजनीतिक दल, जीतने वाले सत्ताधारी दल पर और चुनाव आयोग पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में धांधलियां करने के आरोप मढ़ते रहे। लेकिन वह लोग कभी भी कोई तार्किक तथ्य सामने ना रख सके, जिससे उनके आरोपों को सही न माना गया। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली भली भांति चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर रही है। सब कुछ ठीक-ठाक होने के बावजूद केवल चुनाव आयोग ही नहीं, अपितु देश इस बात को लेकर चिंतित है कि हमारे यहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत अभी कम ही बना हुआ है। इस समस्या को लेकर जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनके मुताबिक देश के नागरिक बार-बार के चुनावों से तंग आ चुके हैं।

बात सही भी है, कोई साल और महीना ऐसा नहीं बीतता जब देश के किसी प्रांत, जिले, नगर, जनपद अथवा गांव में चुनाव संपन्न ना होता हो। परिणाम स्वरूप आम आदमी तो बार-बार के चुनावों से तंग तो आया ही, चुनावी आचार संहिता के बने रहने से विकास कार्य भी प्रभावित बने रहते हैं । आम आदमी के साथ-साथ विकास की गति को इस मुसीबत से छुटकारा दिलाने के लिए ही देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। यदि यह चुनाव प्रणाली देश में लागू होती है तो फिर आम आदमी को विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु बार-बार मतदान केंद्रों पर नहीं भटकना पड़ेगा। इससे मतदाताओं के अंतर्मन में गहरे तक पैठ चुकी ऊब से छुटकारा मिलेगा तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकेगा। इसी के साथ विकास कार्य भी निरंतरता के साथ संपादित किये जा सकेंगे। इसका मतलब यह हुआ कि भारत की वर्तमान चुनाव प्रणाली बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उसकी पारदर्शिता और सात्विकता वैश्विक स्तर पर प्रामाणिकता प्राप्त कर चुकी है।

ऐसे में यदि एक और नई चुनाव प्रणाली की बात की जाए तो फिर सवाल यह खड़ा होता है कि जब सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है तो फिर एक और नया प्रयोग क्यों? इसका जवाब कुछ यूं हो सकता है कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, यह सोचकर हाथ पर हाथ रखकर बैठते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए - अभी भी चुनाव कराने के लिए लाखों पोलिंग बूथ, करोड़ों चुनाव अधिकारी - कर्मचारी, सुरक्षा बलों की व्यापक स्तर पर तैनाती, भारी पैमाने पर आर्थिक खर्चे तथा आम आदमी की मतदान केंद्रों तक आवाजाही, वह समस्याएं हैं जिनका हल हमें आज ही ढूंढना होगा। क्योंकि जैसे-जैसे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, व्यवस्थाएं, नियुक्तियां और खर्च भी उसी अनुपात में बढ़ते चले जाने हैं। इन सभी के निराकरण स्वरूप दिमाग में एक संभावित चुनाव प्रणाली का ध्यान आता है, जिसका नाम है ब्लॉकचेन आधारित वोटिंग सिस्टम। यदि इस प्रणाली पर व्यापक वार्ता, बहस, विमर्श आदि हों तो परिणाम स्वरूप प्राप्त होने वाले सारगर्भित नतीजों से भारतीय लोकतंत्र के लिए नई संभावनाओं को तराशा जा सकता है। लेकिन इसके लिए, पहले हमें यह समझना होगा कि आखिर ब्लॉकचेन आधारित वोटिंग सिस्टम काम कैसे करेगा। इसका सबसे पहले चरण होगा मतदाता का पंजीयन। यह आधार कार्ड या किसी डिजिटल आईडी का उपयोग करके चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। दूसरे क्रम पर आती है मतदान प्रक्रिया। इसे संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग प्रत्येक मतदाता को एक डिजिटल टोकन अथवा कोड प्रेषित करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता जहां है वहीं से मान्यता प्राप्त गैजेट को माध्यम बनाकर अपने मनपसंद उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर सकेगा। बदले में उसे डिजिटल स्वरूप में ही तत्काल मतदान की रसीद चुनाव आयोग द्वारा भेजी जा सकेगी। मतदाता द्वारा चुनाव आयोग को भेजा गया उपरोक्त मतदान ब्लॉक चैन सिस्टम में दर्ज होगा जिसे बदला नहीं जा सकेगा। तीसरे क्रम पर मतगणना की बारी आती है।

# चेहरे पर पार्लर जैसा निखार लाने के लिए काफी है सिर्फ एक टमाटर, ऐसे करें इस्तेमाल



आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि टमाटर कई कारणों से एक सुपरफूड है. यह न केवल आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी चमत्कारी है. टमाटर उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना अधिक पैसे खर्च किए बहुत आसानी से सुंदर और आकर्षक दिखना चाहते हैं. टमाटर में चेहरे की चमक बढ़ाने और त्वचा की कई समस्याओं को ठीक करने की क्षमता होती है. इसमें विटामिन ए, सी और के भरपूर मात्रा में होते हैं. ये विटामिन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.

आपको बता दें, टमाटर में ऐसी खटास होती है जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मददगार होती है और मुंहासों के इलाज में मदद करती है. टमाटर का इस्तेमाल हेल्दी स्किन सेल्स को प्रदूषित करने वाले फ्री रेडिकल्स को हटाने के लिए भी किया जा सकता है. बहुत से लोग अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण त्वचा की देखभाल पर ध्यान नहीं देते हैं. ऐसे लोगों के लिए घर पर टमाटर का फेस पैक बनाना बहुत आसान है. चेहरे पर काले धब्बे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने के लिए यह एक बेहतर उपाय है. टमाटर स्किन को जवां बनाए रखने में भी कारगर है.

रिपोर्ट के अनुसार, त्वचा की देखभाल के लिए टमाटर का इस्तेमाल करने के कुछ तरीके इस प्रकार हैं...

1.इसके लिए सबसे पहले एक ताजे टमाटर को आधा काट लें और फिर इसे अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें. 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें. ऐसा करने से स्किन पिगमेंटेशन दूर करने में मदद मिलेगी.

2.दूसरा तरीका यह है कि एक टमाटर लें और उसे अच्छी तरह से मैश करें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं. 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें. यह मुहांसों को रोकने के लिए एक बेहतरीन मास्क है.

3.वहीं, तीसरा तरीका यह है कि 2 से 3 चम्मच टमाटर की प्यूरी लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस डालें और मिला लें. अब इस मिश्रण को त्वचा पर लगाकर 10 से 15 मिनट बाद धो लें. यह स्किन पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन को हटाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करेगा.

4.चौथा तरीका यह है कि एक टमाटर को पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें. इसमें आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें. यह मास्क त्वचा की सूजन और रंग परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है. यह सूर्य की रोशनी से होने वाली त्वचा की क्षति की मरम्मत में भी मदद करेगा.

5.पांचवा तरीका यह है कि एक टमाटर को आधा काटें और उसपर थोड़ा चीनी छिड़क दें. आप इसका उपयोग अपने चेहरे और गर्दन पर तीन मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करने के लिए कर सकते हैं. फिर इसे ठंडे पानी से धो लें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाने और त्वचा को नरम बनाने के लिए सबसे अच्छा है. ऐसा करना भी चेहरे की चमक बढ़ाने में कारगर है.

# अगर आपको भी बार-बार आती है जम्हाई, तो ना करें इग्नोर हो सकती है कोई बड़ी बीमारी



जम्हाई हर किसी को आती है. जिसको लोग नजरअंदाज कर देते हैं. यह सोचकर की यह नींद या आलस की वजह से आ रही होगी, लेकिन ऐसा नहीं होता है. बार-बार जम्हाई आना किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है. आमतौर पर जम्हाई तब होती है जब शरीर को आराम चाहिए होता है या जब ब्रेन को ऑक्सीजन कम मिल रही होती है. लेकिन अगर आप बिना किसी थकान या नींद की कमी के लगातार जम्हाई ले रहे हैं, तो आपको इग्नोर नहीं करना चाहिए.

**स्लीप डिसऑर्डर**

रिपोर्ट के मुताबिक जम्हाई लेना नींद की कमी और स्लीप डिसऑर्डर का संकेत हो सकता है. दिन में बहुत ज्यादा नींद आना यानी एक्सेसिव डे टाइम स्लीपीनेस सिर्फ आलस नहीं ड्राइविंग एक्सीडेंट, काम की गलतियों, मानसिक समस्याओं और लंबे समय तक होने वाली बीमारियों की भी वजह बन सकता है.

**बीमारियां**

**ब्रेन ट्यूमर**

एक्सपर्ट्स के मुताबिक बार-बार जम्हाई आना कभी-कभी ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों का साइलेंट सिम्प्टम हो सकता है.

**हार्ट**

रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा जम्हाई आना हार्ट अटैक या ब्लड सर्कुलेशन की प्रॉब्लम से भी जुड़ा हो सकता है.

**शरीर के तापमान**

शरीर के तापमान को कंट्रोल करने में दिक्कत होने पर भी बार-बार जम्हाई आ सकती है. यह न्यूरोलॉजिकल गड़बड़ी का संकेत हो सकता है.

**इन बातों का रखें ध्यान**

जम्हाई के साथ चक्कर आना
यादादाश्त में कमी
हाथ-पैर सुन्न होना
तेज़ सिरदर्द या ब्लर विज़न
दिल की धड़कन तेज़ होना

**क्या करें**

नींद पूरी लें, कम से कम 7-8 घंटे
स्ट्रेस को कम करें
रोजाना फिज़िकल एक्टिविटी करें
स्क्रीन टाइम कम करें

अगर लक्षण लगातार बने रहें, तो जल्द से जल्द न्यूरोलॉजिस्ट या कार्डियोलॉजिस्ट से सलाह लें.

खेल/व्यापार


## संक्षिप्त समाचार

### इंफोसिस ने सीईओ सलिल पारेख के लिए 51 करोड़ रुपये की स्टॉक विकल्प योजना की मंजूरी दी, ये है मतलब

**नई दिल्ली,ए.।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के बोर्ड ने सीईओ और एमडी सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्टॉक प्रोत्साहन या कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) देने को मंजूरी दे दी है। ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के तहत हैं, और इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। एक दस्तावेज में कंपनी ने कहा है कि बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों की मंजूरी के बाद पारेख के लिए इस वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी है। कंपनी के अनुसार इस अनुदान में ÷प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी अनुदान) भी शामिल है। 2015 की स्टॉक प्रोत्साहन मुआवजा योजना में अनुदान की तिथि तक 34.75 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के इक्विटी शेयर शामिल हैं।÷ इंफोसिस ने कहा कि पारेख को यह अनुदान घोषणा की की तारीख से 12 महीने के भीतर दिया जाएगा, बशर्ते कि कंपनी बोर्ड की ओर से प्रदर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्यों हासिल कर ले।÷ कंपनी ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.56 अरब बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पर पहुंचा, आंकड़े जारी

**नई दिल्ली,ए.।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.567 अरब डॉलर बढ़कर 677.835 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह लगातार छठा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। 4 अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.872 अरब डॉलर बढ़कर 676.268 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 892 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 638 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 79.997 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख डॉलर घटकर 18.356 अरब डॉलर रह गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.502 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।



# पंजाब ने बैंगलोर को 5 विकेट से हराया, आरसीबी का अपने घर में हारने का सिलसिला जारी

**बेंगलुरु,एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा. इस बार उन्हें पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से मात दी. शुक्रवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मैच बारिश के कारण दो घंटे की देरी से शुरू हुआ. जिसकी वजह से मैच को घटाकर 14 ओवर-प्रति-साइड कर दिया गया, जिसमें विशेष खेल परिस्थितियों के कारण केवल तीन गेंदबाजों को अधिकतम 4 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी गई, और एक को दो ओवर की अनुमति दी गई. 96 रनों के लक्ष्य को पंजाब ने 13वें ओवर की पहली गेंद पर ही हासिल कर लिया. नेहाल वडेरा ने 33 रनों की बेहतरीन पारी खेली,जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे. लेकिन मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड टिम डेविड को दिया गया, क्योंकि उनकी 50 रनों की पारी की वजह से ही



आरसीबी को मैच में बने रहने का मौका मिला था. इस हार के साथ ही आरसीबी एकमात्र टीम है जिसने इस सीजन में अभी तक कोई घरेलू मैच नहीं जीता है. उसे पहले गुजरात के खिलाफ 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, उसके बाद दिल्ली के खिलाफ 6 विकेट से हार मिली और अब पंजाब ने 5 विकेट से हरा दिया. इस के अलावा आरसीबी एक स्थान पर सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम भी बन गई है.

टॉस हारने के बाद, आरसीबी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया, और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में खतरनाक फिल साल्ट को आउट कर दिया, उसके बीद विराट कोहली (1), लियाम लिविंगस्टोन (4) जितेश शर्मा (2) रजत पाटीदार (23) क्रुणाल पांड्या (1) और इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट मनोज भांडगे (1) के जलदी जलदी विकेट गिर गए. एक समय आरसीबी का स्कोर 42/7 कर दिया और फिर भुवनेश्वर कुमार को 8 रन पर आउट कर दिया. टिम डेविड ने आरसीबी की खराब पारी को एक बेहतरीन कैमियो के साथ अंतिम समय में जीवंत किया. उन्होंने 26 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल थे. ये टिम डेविड की आईपीएल में पहली फिफ्टी थी. जिसकी वजह से आरसीब 14 ओवर में 9 विकेट पर 95 रन तक पहुंचने में कामयाब रहा. इसके अलावा हेजलवुड और टिम डेविड की 32 रन की साझेदारी आईपीएल में 10वें विकेट के लिए आरसीबी की सबसे बड़ी साझेदारी है, जिसने डेविड विली और आकाशदीप के बीच 27 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. पंजाब की ओर से अर्शदीप (2-23), जेनसन (2-10), चहल (2-11) और हरप्रीत बरार (2-25) ने शानदार गेंदबाजी की. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (प्लेइंग इलेवन): फिलिप साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (डब्ल्यू), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेज़लवुड, सुयश शर्मा, यश दयाल पंजाब किंग्स (प्लेइंग इलेवन): प्रियांश आर्य, नेहल वढेरा, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, मार्को जानसन, हरप्रीत बराड़, जेवियर बार्टलेट, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

# आईपीएल 2025 के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

## -मैच फिक्सिंग को लेकर मुंबई टी20 लीग टीम के मालिक पर लगाया बैन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल के भीतर भ्रष्टाचार से निपटने के अपने प्रयासों में एक अहम कदम उठाया है. हाल ही में बीसीसीआई ने मुंबई टी20 लीग में भाग लेने वाली एक फ्रेंचाइजी सोबो सुपरसोनिक्स फ्रैंचाइजी के सह-मालिक गुरमीत सिंह भामरा पर लाइफटाइम बैन लगा दिया है. मुंबई टी20 लीग के 2019 सीजन के दौरान हुई एक घटना की जांच के बाद बीसीसीआई लोकपाल न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने गुरमीत सिंह पर आजीवन बैन लगाया. जांच में पता चला कि भामरा ने शहर के दो क्रिकेटरों धवल कुलकर्णी और भाविन ठक्कर से फिक्सिंग को लेकर संपर्क किया था. इस अपराध के लिए भामरा को कड़ी सजा मिली है, जिससे वह अपने शेष जीवन के लिए बीसीसीआई द्वारा संचालित किसी भी क्रिकेट गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित हो गए हैं. धवल कुलकर्णी एक तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 12 वनडे और कुछ टी20आई मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है. गुरमीत सिंह भमराह मुंबई टी20 लीग के अलावा, अब बंद हो चुके जीटी20 कनाडा टूर्नामेंट से भी जुड़े थे. मुंबई टी20 लीग को कोविड-19 महामारी के कारण 2019 सीजन के बाद निलंबित कर दिया गया था, इस साल फिर से शुरू होने वाला है, हालांकि, भमराह अब इससे जुड़े हुए नहीं हैं. हालांकि, भामरा के प्रतिबंध के बारे में आधिकारिक आदेश की प्रति में दंड की अवधि के बारे में स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है, लेकिन यह समझा जाता है कि बीसीसीआई के भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुसार, ऐसे अपराधों के लिए सजा की संभावित सीमा कम से कम 5 साल से लेकर अधिकतम आजीवन प्रतिबंध तक है. आदेश की प्रति में कहा गया है कि सोनू वासन नामक व्यक्ति ने भामराह के कहने पर मैच फिक्स करने के लिए ठक्कर से संपर्क किया था. खिलाड़ियों ने भामराह को पाजी कहा. इसके अनुसार, बातचीत की प्रतिलिपि से पता चलता है कि सोनू वासन ने प्रतिवादी की ओर से भाविन ठक्कर को पैसे और अन्य लाभ की पेशकश की।

# रजत पाटीदार ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड, आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा





**बेंगलुरु,एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का 34वां मैच बारिश से प्रभावित रहा. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में खेले गए इस मैच में होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पंजाब किंग्स से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. आईपीएल 2025 में आरसीबी की यह घरेलू मैदान पर तीसरी हार थी. इसके बावजूद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इतिहास रच दिया. पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में रजत पाटीदार ने 18 गेंद में 23 रन बनाए और एक शानदार उपलब्धि हासिल की. इस पारी के साथ ही रजत पाटीदार ने महज 30 पारियों में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए और दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ-साथ रुतुराज गायकवाड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इन दोनों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 31 पारियां लीं थी. वहीं, मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने 1000 आईपीएल रन पार करने के लिए 33 पारियां खेलीं.

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी भी बन गए. इस लिस्ट में शीर्ष पर गुजरात टाइटन्स के स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 25 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। इस पारी के साथ ही रजत पाटीदार ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की जो उन्हें सबसे अलग बनाती है. पाटीदार आईपीएल के इतिहास में 35 से अधिक की औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए. वह मौजूदा समय में टी20 क्रिकेट के सबसे होनहार भारतीय बल्लेबाजों में से एक हैं. शुक्रवार को बारिश से बाधित इस मैच में पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 5 विकेट से हराया. बारिश के कारण देरी से शुरू होने के बाद 14-14 ओवर के इस मैंच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी की. खराब शुरुआत के बाद टिम डेविड (26 गेंदों पर 50) ने कठिन पिच पर शानदार अर्धशतक जड़ा और आरसीबी को 9 विकेट पर 95 रन पर पहुंचाया।

# गरीब की जमीन पर न होने पाए अवैध कब्जा

# त्वरित कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाएं : डीएम

**लोगों को भयमुक्त वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी**

**अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश**

**शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने अपने कार्यालयों में जनसुनवाई करेंगे समस्त अधिकारी**




**ललितपुर।** सभी को उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाए जाने के लिए शासन के निर्देशानुसार आज माह के तृतीय शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मौजूद रहकर फरियादियों को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया। इसी क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने बारी बारी शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित अधिकारियों से कई मामलों में तत्काल समाधान कराया और शेष शिकायती पत्रों पर स्वयं स्थलीय स्तर पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को गुड गवर्नेंस मुहैया कराना हमारी जिम्मेदारी है, सभी को भयमुक्त वातावरण में रहकर सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकारी है, पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी व्यक्ति को कोई दबंग व्यक्ति परेशान न कर पाए, अवैध कब्जों के मामलों में तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाए। अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने अपने कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे और शिकायतों का शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारित सुनिश्चित कराएंगे। उक्त निर्देशों का पालन न होने पर संबंधित अधिकारी उचित कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मड़ावरा में कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 21, विकास के 06, पुलिस के 11, पूर्ति के 11, जल निगम के 05, विद्युत के 02, सिंचाई के 03, समाज कल्याण के 03 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 08 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 19, विकास के 06, पुलिस के 16, पूर्ति के 25, विद्युत के 03, नगर पंचायत के 02, तथा अन्य विभागों के 14 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05 तथा विकास विभाग के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस के 05, चकबंदी का 01, विद्युत का 01 तथा नगर पंचायत का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान सीडीओ के.के. पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम मड़ावरा रोशनी यादव सहित अन्य जनपदस्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब नैशनल बैंक में नवागंतुक मंडल प्रमुख ने ग्रहण किया कार्यभार



**ललितपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल स्तर पर प्रमुख के रूप में राजकुमार को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करते हुये कहा कि बैंकिग यात्रा की शुरुआत प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में सन 2000 में की और अपने लगभग 25 वर्षों के कार्यकाल में देश में स्थित विभिन्न कार्यालयों सहित, बैंक के लन्दन स्थित अन्तर्राष्ट्रीय पंजाब नेशनल बैंक लि. कार्यालय में भी लगभग 5 वर्षों तक जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। प्राथमिकताओं को लेकर कहा कि हमारा प्रमुख ध्येय बैंक के कारोबार में प्रगति करना है और इस कारोबार में झांसी मंडल का उल्लेख आकंड़ों के आधार पर सम्मानजनक स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में बैंक द्वारा अपने स्थापना दिवस पर अपने ग्राहकों को उत्पादों के माध्यम से दी जाने वाली सौगातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक ने एग्जीक्यूटिव बचत खाता योजना में विभिन्न लाभों के साथ 30 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, 60 लाख के एयर दुर्घटना बीमा के साथ ही पूर्ण स्थायी विकलांगता में 60 लाख और आंशिक स्थायी विकलांगता में 30 लाख तक का बीमा कवर दिया गया है। महिलाओं के लिए पीएनबी महिला शक्ति बचत खाता योजना में कैंसर जैसी बीमारियों के लिए भी 5 लाख तक का सुरक्षा कवर दिया गया है तथा आर.टी.जी.एस. जैसी सुविधाओं के लिए ऑनलाईन व्यवहार करने पर शून्य तथा शाखा से दो आर.टी.जी.एस. करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पीएनबी ग्रो बचत योजना में 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चो के लिए खातों में शून्य राशि से खाता खोल कर लोयलटी रिवार्ड जैसी आकर्षक सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि हमारा बैंक सभी ग्राहकों के साथ-साथ किसान भाईयों के लिए भी बचत खाते के हरित-वैरिएंट को लेकर आया है जिसमें विभिन्न लाभों के साथ 10 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, पूर्ण स्थायी विकलांगता में 10 लाख और आंशिक स्थायी विकलांगता में 05 लाख तक के बीमा कवर सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। इस सभी योजनाओं के साथ ही महिलाओं के लिए पीएनबी पर्ल, पीएनबी सोलिटायर, वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए पीएनबी एक्सेल, पीएनबी इम्पीरियल, पीएनबी नियो, किसानों के लिए पीएनबी समृद्धि, आदि शामिल हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी पीएनबी वैभव, पीएनबी वरिष्ठ, वरिष्ठ महिलाओं के लिए पीएनबी विश्वास तथा सभी के पीएनबी सेलेक्ट, पीएनबी राइज आदि बचत खाता योजनाएं लाई गई हैं। इस दौरान उप मंडल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार शशि और रैम प्रभारी मनीष राय, सहायक महाप्रबंधक और सभी मुख्य प्रबंधक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### मीडिएटरों के साथ बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नन्द प्रताप ओझा की अध्यक्षता में मध्यस्थगणों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सूबेदार सिंह, एडीजे/सचिव यशवंत कुमार सरोज, मीडियेटर रीता खरे, कु.रमा सक्सेना, राजेन्द्र सिंह, राजकुमार जैन, बृजकिशोर जैन, महिपाल सिंह, रामगोपाल अहिरवार, अरूण कुमार जैन, शादीलाल, रत्नप्रभा जैन, सुरेश कुमार खरे, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार जैन, संतोष कुमार जैन, लोकपाल सिंह, रामपाल सिंह, जमील अहमद मीडिएटर के रूप में मौजूद रहे। बैठक में मध्यस्थगणों को निर्देशित किया गया कि पक्षकारों को सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करायें।

### जमीन पर अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

**महिला ने एसपी को भेजा शिकायती पत्र**

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम दैलवारा में रहने वाली रूकसाना पत्नी युनिस ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसकी गांव में कृषि भूमि है, जो कि उसके देवर गुलजार की जमीन से लगी हुयी है। आरोप है कि उसके देवर द्वारा सिद्धपुरा निवासी एक व्यक्ति को अपनी जमीन बेच दी, जिसके बाद उक्त व्यक्ति बेची गयी जमीन के साथ उसकी जमीन पर भी अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। बताया कि 16 अप्रैल को रात करीब 9 बजे जब वह घर में थी, तभी उक्त् लोग अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आये और गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आये परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस हमले में उसके पुत्र रानू को चोटें आयीं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर निष्पक्ष कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### गौर कालोनी में तीन घरों से लाखों की चोरी

**ललितपुर।** कैलगुवां तिराहा स्थित गौर कालोनी में रहने वाले दुर्गेश राजपूत पुत्र लक्ष्मन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को शाम करीब 6 बजे वह झांसी के बबीना में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। 19 अप्रैल को उसे पड़ौसी द्वारा फोन पर सूचना दी गयी कि उसके घर रात में चोरी हो गयी। पीड़ित ने बताया कि उसने कुछ समय पश्चात अपने घर आकर देखा तो अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर एक मोटर साइकिल अपाचे संख्या यू.पी. 94 वाई 8794 और एक एलईडी टीवी, एमआई के स्पीकर, सोने के टॉप्स, लोकेट, चांदी की पायलें, एक मिक्सी व दो लाख रुपये नकद चोरी कर लिये हैं। दुर्गेश ने बताया कि पड़ौस में रहने वाले अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उनके घर भी अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर अलमारी में रखे करीब 2 लाख रुपये चोरी कर लिये। इसके अलावा मोहल्ले में किराये से रहने वाले शिवम मिश्रा ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्टस संख्या यू.पी.94 ए.ई. 6172 को चोरी कर लिया है। बताया कि 19 अप्रैल की रात करीब 1.20 बजे उपरोक्त तीनों चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने तीनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक में हुआ विचार-विमर्श

**ललितपुर।** राज्य सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुसार जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां के निर्देशन में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीजेएम विभान्शु सुधीर, सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी. रविशंकर गुप्ता, अपर सिविल जज जू.डि. अदिति जैन, सिविल जज जू.डि. देवप्रिय सारस्वत, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह मौजूद रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा कर आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि गयी कि वह अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रयास करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

# विरासत का निर्माण करने वाले चित्रकारों एवं कलाकारों को नमन : डा.राजकुमार जैन

**विरासत संरक्षण के दिशा में निरन्तर कार्य कर रहा है इन्टैक : सन्तोष शर्मा**



**ललितपुर।** इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वावधान में कला भवन में विरासत संरक्षण दिवस के अवसर पर विरासत संरक्षण संगोष्ठी, विरासत संरक्षरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताका आयोजन मुख्य अतिथि डा.राजकुमार जैन के मुख्य आतिथ्य एवं इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवल एवं माँ सरस्वती पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा.राजकुमार जैन ने कहा कि विरासत संरक्षण दिवस पर कला भवन में जाने माने चित्रकार बिरथरे की कला साधना की अमूल्य विरासत देखने का मुझे अवसर मिला। कला साधकों को शिविर के माध्यम से प्रशिक्षित कर एक विरासत तैयार कर रहे हैं। हमारे ललितपुर में बड़ी संख्या में विरासत है, इन्हें बनाने वाले कलाकारों, चित्रकारों को हम नमन करते है। जीवन में सत्य और भगवान पर भरोसा लेकर चलना, जिन्दगी में कभी डर नहीं लगेगा, कभी परेशान नहीं होगे। इन्टैक ललितपुर चैप्टर विरासतों को वचाने, संरक्षित करने, एवं पर्यटन विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रहे, इसके लिए सन्तोष कुमार शर्मा और उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र है। इन्टैक ललितपुर चैप्टर संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि इन्टैक अपने स्थापनाकाल से ही विरासत संरक्षण को लेकर निरन्तर कार्य कर रही है। विरासत संरक्षण की दिशा में इन्टैक ललितपुर चैप्टर ने ललितपुर की विरासत का सूचीकरण किया, डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का निर्माण किया, जिसकी पूरे देश में तारीफ हुई। विरासत संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण ललितपुर चैप्टर द्वारा 1,11,000 वृक्षों का वृक्षारोपण कराया गया गया है। जिसमें 90 प्रतिशत वृक्ष आज भी जीवित है। 19 से 25 नवम्बर तक चलने वाले विरासत सप्ताह के अंतर्गत अमेरिका एवं फ्रांस के सैलानियों को बरुआसागर के महरानी लक्ष्मीबाई के आश्रय स्थल का भ्रमण कराकर उससे अवगत कराने का प्रयास कर रहे है। ललितपुर पर्यटन एवं विरासत के क्षेत्र में काफी समृद्ध है, इसे पर्यटन बनाने के इन्टैक सतत प्रयास कर रहा है।

कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि यूनेस्को ने 1982 में 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने का निर्णय किया। चित्रकला एक विरासत है, आदिकाल एवं पाषाण काल में चित्रकला एवं मानव ने गुफाओं में रहना सीखा था, तभी से चित्रकला एक विरासत के रूप चली आ रही है। 330 ई.पू. से 600 ईसा तक में गुप्तकाल में 29 गुफाओं में भित्ति चित्र मिले, यह सभी हमारी विरासत है। माइकलो एंजलों, शैजा ने विश्व में अपनी चित्रकला के क्षेत्र में काम किया और अपनी विरासत को छोड़ गये। 17वीं और 18वीं शताब्दी में मुगलकाल में राजपूत शैली से बनाये गये चित्रों का प्रभाव बुन्देलखण्ड में भी पड़ा, यहां विशेष रूप से चितेरी कला, सुआटा, टेसू और ढिविया का विवाह विरासत के अंग बन गये है। देश के विरासत के शिविर में आये कलासाधकों ने बनाने का बढ़िया प्रयास किया है।

समाजसेवी मनमोहन जड़िया ने कहा कि विरासत का अर्थ होता है हमारी पूर्व संस्कृति, रीति-रिवाज, हमारे बुजुर्गो ने जो हमको दिया है, उसका संरक्षण करना है। हमारे बुजुर्गो का सम्मान भी हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि बिना संघर्ष के कोई महान नहीं होता है, जो संघर्ष करते है, वह इतिहास बन जाते हैं। इस अवसर पर मनमोहन जड़िया, राजकुमार राठौर, संस्कार भारती संरक्षक गोविन्द नारायण व्यास, सूचना प्रौद्योगिकीविद् विनोद त्रिपाठी, प्रो.राजीव निरंजन, सुरेश साहू, उर्वशी, अनुराधा मोदी, डा.विकास गुप्ता, विनीता मालवीय, मुकेश पटेल, प्रीतम सिंह राजपूत ने पर्यावरण को लेकर अपने विचार रखे। संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष ब्रजमोहन संज्ञा ने किया। आभार इन्टैक ललितपुर चैप्टर को-कोआर्डिनेटर रजनीश चड्ढा ने व्यक्त किया।

## धर्मपरिवर्तन के मामले में आया नया मोड

# दूसरे पक्ष ने लगाया पुराने मामले को लेकर झूठी शिकायत करने का आरोप

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर उठायी निष्पक्ष जांच की मांग**



**ललितपुर।** विगत दिनों सुरईघाट कालोनी में रहने वाली महिला ने पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों पर प्रताड़ित करते हुये धर्मपरिवर्तन कराने जैसे गंभीर आरोप लगाये थे। इस मामले में दो दिन बाद अब दूसरा पक्ष सामने आया है। दूसरे पक्ष ने धर्मपरिवर्तन का आरोप लगाने वाली महिला पर पूर्व में हुये विवाद में दर्ज कराये गये मामले का बदला लेने के लिए झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष की ओर से सुरईघाट कालोनी निवासी सानू पत्नी हेरिसन डेविड ने शनिवार को सदर तहसील पहुंच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर बताया कि विगत दिनों पड़ौस में रहने वाली सुमन नासम की महिला ने अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंच कर उस पर उसके परिजनों पर पुराने विवाद का बदला लेने की नीयत से धर्मपरिवर्तन कराने जैसा गंभीर आरोप लगाया है। सानू डेविड का कहना है कि 25 जनवरी 2025 को भी उक्त लोगों से उसका विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने सुमन व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसका बदला लेने के उद्देश्य से सुमन ने कुछ लोगों के कहने पर उसके व उसके परिजनों के खिलाफ विगत दिनों धर्मपरिवर्तन का झूठा आरोप लगाया है। पीड़िता ने यह भी बताया कि सुमन और उसका परिवार अब फिर से उसे आये दिन गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दे रही है और कालोनी खाली करके भाग जाने की धमकी देती है। सानू डेविड ने पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।



## एड. अजीज कुरैशी की स्मृति में हुआ फल एवं मिष्ठान वितरण

**ललितपुर।** शहर की आवाज कहे जाने वाले महान समाजसेवी मरहूम अजीज कुरैशी की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एड.अरमान कुरैशी के द्वारा जिला महिला अस्पताल में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर अरमान कुरैशी ने कहा कि मेरे पिता आज भी हम सभी के दिलों में जीवित हैं। वे एक श्रेष्ठ संचालक थे जिनकी आवाज का कोई सानी नहीं था और उतने ही महान मानवता के दूत थे वे हमेशा हर जरूरत मंद की मदद किया करते थे। जात पात से दूर इंसानियत की मिशाल थे, अरमान ने कहा कि मै पूरी कोशिश करूंगा कि उनके बताएं मार्ग का पूरी लगन से अनुसरण करूं। पत्रकार राजीव शुक्ला ने कहा कि अजीज कुरैशी जिले की अमूल्य निधि थे। वरिष्ठ पत्रकार पूर्व महामंत्री प्रेस क्लब अजय बरया ने कहा कि मरहूम अजीज कुरैशी जो कि नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भी रहे हैं और साथ ही जनपद के कुशल संचालक भी रहे हैं। उनकी आवाज आज भी हमारे कानों में गुजराती है। अजीज कुरैशी जैसे बिरले लोग कई सदियों में पैदा होते हैं।

## सीएम से मुलाकात के बाद बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की हड़ताल समाप्त

**रायपुर।** बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने 126 दिनों से जारी आंदोलन को मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद समाप्त कर दिया गया।

बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति और समुचित मायोजन की मांग को लेकर जो जज़्बा दिखाया, वो पूरे राज्य में चर्चा का विषय रहा। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने सामूहिक मुंडन, जल सत्याग्रह, भूख हड़ताल, और अंगारों पर चलने जैसे साहसिक कदम भी उठाए।

आंदोलन के दौरान कई शिक्षकों की तबीयत बिगड़ी। कड़ाके की ठंड हो, चिलचिलाती गर्मी या मूसलधार बारिश—प्रशिक्षित शिक्षक हर मौसम में अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हुई, जहां सरकार ने उनकी मांगों को लेकर गंभीरता दिखाई और जल्द सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शिक्षकों ने आंदोलन समाप्त करने का ऐलान कर दिया।

## वन मंत्री कश्यप ने किया केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण

**दुर्ग।** प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर अद्यतन कार्यों का जायजा लिया। सांसद विजय बघेल व जिला एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया जा रहा है। वन मंत्री श्री कश्यप ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद की जानकारी ली। गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात् वितरण आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रसंस्करण संयंत्र का भी अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वन मंत्री श्री कश्यप ने सम्पूर्ण इकाई परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एक पेड़ माँ के नाम पर लोगों से पौध रोपण करने की अपील की। इस अवसर पर डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी, एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं अन्य विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली पार

**रायपुर।** जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुनील कुमार हजारे 54 वर्ष हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनयू 7769 व ट्रॉली क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 1911 को जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की कीमत करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना मोहन नगर एवं आईसीसीयू ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से चिट्टा (हेरोइन) रख कर बिक्री करते पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 150 ग्राम चिट्टा(हेरोइन) कीमती करीब 12,00,000 रूपये एवं बिक्री की नगदी रकम 53,150 रूपये एवं तीन नग मोबाईल जप्त किए हैं। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत् वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है।



## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वरिष्ठ पत्रकार श्री उपाध्याय की माताश्री के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की

**ग्वालियर।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल शनिवार को हरिशंकरपुरम स्थित वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुराग उपाध्याय के निवास पर पहुँचे और उनकी माताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की । साथ ही शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की । वरिष्ठ पत्रकार श्री उपाध्याय की माताश्री का बीते दिनों निधन हो गया था।

## पार्श्वनाथ जैन मंदिर तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**ग्वालियर।** मुंबई के विलेपार्ले में स्थित 90 साल पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को तोड़ दिया गया है। इस घटना के विरोध में 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता 20 अप्रैल (रविवार) को सुबह 9 से 10 बजे तक इंदरगंज चौराहा पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार के नेतृत्व में धरना दिया जायेगा। धरना प्रदर्शन को सफल बनानें की अपील करने बालों में ब्लॉक अध्यक्षगण विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, एम.आई.सी मेम्बर एवं पार्षद अवधेश कौरव, एम.आई.सी मेम्बर एवं पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद श्रीमती सरोज हेवरन कंषाना, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी सुरेश गुर्जर, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठल ने सभी कांग्रेस जन आदि शामिल हैं ।

## बदरवास में 30 क्विंटल अवैध आम की लकड़ी जब्त, एक गिरफ्तार

### ड्राइवर के पास नहीं थे वैध दस्तावेज



**शिवपुरी ब्यूरो।** वन विभाग बदरवास के रेंज ऑफिसर रवि पटेरिया के मार्गदर्शन में उडऩदस्ता टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। ग्राम रामगढ़ के पास गश्त के दौरान टीम ने आम की हलकट लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर जब्त किया। वाहन में लगभग 30 क्विंटल लकड़ी भरी हुई थी, जिसे शिवपुरी ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने जब वाहन की तलाशी ली तो चालक चतुरी ओझा (36), निवासी शिवपुरी के पास लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हरे आम के पेड़ों को काटकर अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली और लकड़ी को जब्त कर बदरवास वन कार्यालय में खड़ा करा दिया। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक मिहीलाल जाटव, वनरक्षक रामसुखी रघुवंशी और वनरक्षक नंदराम जाटव समेत अन्य वन कर्मचारी मौजूद थे। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव अल्प प्रवास पर ग्वालियर पधारे

### विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अल्प प्रवास पर शनिवार को ग्वालियर पधारे। ग्वालियर विमानतल पर जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 19 अप्रैल को राजकीय विमान द्वारा भोपाल से ग्वालियर पधारे। कुछ समय रुकने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव हैलीकॉप्टर से मुरैना जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये रवाना हुए। मुरैना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर द्वारा ग्वालियर पधारे और राजकीय विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान किया। विमानतल पर विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री श्री रामनिवास रावत , भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। इस मौके पर संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी ग्वालियर श्री अरविंद सक्सेना, डीआईजी श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय उपस्थित थे।

## थाना माधौगंज पुलिस ने जनरल किराना स्टोर में चोरी करने वाले दो शातिर नकबजनों को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

### उक्त नकबजनों से चोरी के 86 पैकेट राजश्री गुटका, 12 पैकेट सिगरेट एवं एक सीसीटीव्ही कैमरा कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग 70 हजार रूपये के जप्त किये गये।

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चोरों व नकबजनों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी कर माल मषरूका की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी लश्कर श्री मनीष यादव के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी माधौगंज निरी0 प्रषांत शर्मा के नेतृत्व में थाना बल की एक टीम गठित कर टीम को अपराध क्रमांक 93/25 धारा 331(4),305 बीएनएस की चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपी को पकड़ने एवं चोरी गया माल मषरूका की बरामदगी हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटना के अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 19.04.2025 को पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता व मुखबिर सूचना के आधार पर अवाडपुरा पानी की टंकी के पास से दो संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गये दोनों संदिग्धों से नाम पता पूछने पर पहले ने स्वयं को अवाडपुरा पानी की टंकी के पास कम्पू व दूसरे ने घोसीपुरा पीर छल्ला की दरगाह थाना बहोडापुर जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये दोनों संदिग्धों से उक्त चोरी के प्रकरण के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा जनरल किराने स्टोर से राजश्री गुटका के पैकेट, सिगरेट, कैमरा एवं नगदी रूपये चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के 86 पैकेट राजश्री गुटका, 12 पैकेट सिगरेट एवं एक सीसीटीव्ही कैमरा कुल कीमती लगभग 70 हजार रूपये का माल विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों को थाना माधौगंज के अपराध सदर में गिरफ्तार कर चोरी के अन्य माल मषरूका के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 07.04.2025 को फरियादी मुकेश अग्रवाल निवासी मामा का बाजार ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि उसकी जनरल स्टोर की दुकान से दिनांक 06-07.04.2025 की दरमियानी रात्रि में अज्ञात चोर दुकान के अंदर घुसकर दुकान में रखा सामान राजश्री गुटखा की तीन बोरी, सिगरेट के 12 डंडे, एवं नगदी रूपये व एक सीसीटीव्ही कैमरा चोरी कर ले गया है। उक्त सूचना पर से थाना माधौगंज में अप0क्र0-93/25 धारा 331(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**बरामद मषरूकाः-** चोरी के 86 पैकेट राजश्री गुटका, 12 पैकेट सिगरेट एवं एक सीसीटीव्ही कैमरा कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग 70 हजार रूपये।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी माधौगंज निरी0 प्रशान्त शर्मा, प्र.आर0 सतेन्द्र सिंह तोमर, आर0 मुकेश शर्मा, संतोष कुशवाह, केशव कुमार, जितेन्द्र तुरेले, मुलायम सिंह, जयसिंह, महेन्द्र शर्मा एवं सायबर सेल से उनि0 रजनी रधुवंषी, आर0 सोनू प्रजापति, प्रदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में टेलीमेडिसिन सुविधा मील का पत्थर साबित होगी- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### हजार बिस्तर अस्पताल में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया टेलीमेडिसिन हब का शुभारंभ

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले के सुदूर क्षेत्र में स्थित सरकारी अस्पताल में बैठे जरूरतमंद मरीजों को जेएएच समूह ग्वालियर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सीधी सलाह मिल सकेगी । इस आधार पर स्थानीय अस्पताल के माध्यम से जरूरी जाँचें हो सकेंगी और दवाएं उपलब्ध कराकर उनका इलाज हो सकेगा। यह सब सरकार द्वारा शुरू की गई टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से संभव होगा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को हजार बिस्तर अस्पताल में फीता काटकर टेलीमेडिसिन सेंटर (हब) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों मे निवासरत जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में टेलीमेडिसिन सुविधा मील का पत्थर साबित होगी। टेलीमेडिसिन हब के शुभारंभ कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर , सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. आर के एस



धाकड़ मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सकेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए मरीजों को परामर्श देंगे। उन्होंने कहा यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला चिकित्सालयों एवं मेडीकल कॉलेजों से मेपिंग कर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से जोड़ा जा रहा है। ग्वालियर के हजार बिस्तर अस्पताल में शुरू हुए टेलीमेडिसिन हब से ग्वालियर सहित संभाग के अन्य जिलों के सरकारी अस्पताल भी जोड़े गए हैं।

यह सुविधा शुरू हो जाने से मरीजों को बार-बार ग्वालियर तक आने की जरूरत नहीं रहेगी। जरूरत होने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें उच्च चिकित्सा के लिए बुलाया जाएगा।

## पुलिस ने माहेश्वरी धर्मशाला सराफा बाजार में "महिला चौपाल" लगाकर कामकाजी महिलाओं को साइबर एवं महिला अपराधों के प्रति किया जागरूक

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर एवं डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्षन में ग्वालियर पुलिस की ऊर्जा डेस्क द्वारा सात दिवसीय विषेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान तहत आज दिनांक 19.04.2025 को ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों एवं स्कूल व कोचिंग में अभियान चलाया गया। दिनांक 19.04.2025 को डीएसपी महिला शाखा श्रीमती किरण अहिरवार एवं थाना कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत माहेश्वरी धर्मशाला सराफ बाजार में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सराफ बाजार, महाराज बाड़ा में दुकानों में काम करने वाली महिलाएं उपस्थित हुई। जिन्हें डीएसपी महिला शाखा एवं थाना कोतवाली प्रभारी द्वारा महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया और डीएसपी महिला शाखा श्रीमती किरण अहिरवार द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का समाधान किया जाकर समझाईश दी गई और पुलिस अधिकारियों के नम्बर भी शेयर किये ताकि आवष्यकता होने पर वह तत्काल पुलिस को सूचना दे सकें। उन्होने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस टीम ऐसे आवारा लड़कों के खिलाफ कार्यवाही करेगी जो स्कूल-कॉलेज तथा कोचिंग संस्थानों के



आसपास या आने-जाने वाली लड़कियों या महिलाओं के साथ कमेंट या छींटाकशी करते हैं। इस अवसर पर थाना कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा द्वारा कामकाजी महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया और बताया गया कि सोशल मीडिया, अंजान लिंक, ओटीपी शेयर न करें, अंजान एप डाउनलोड न करें आदि के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को डिजीटल अरेस्ट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नही है और न ही कानूनन किसी से व्हाट्सएप या फोन के माध्यम से पुलिस कोई पूछताछ करती है, यह सब धोखाधड़ी और सायबर अपराध होता है। कार्यक्रम में उपस्थित कामकाजी महिलाओं ने ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान की सराहना की और इसे एक अच्छी पहल बताया। उन्होने कहा कि ग्वालियर पुलिस के इस अभियान के कारण काम करने वाली महिलाओं में आत्मविष्वास एवं सुरक्षा की भावना आई है। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा अपनी समस्याओं को खुलकर पुलिस अधिकारियों को बताया गया और उनके द्वारा ऐसे स्थान भी बताये गये जहां आवारा लड़के खड़े होकर आने जाने वाली महिलाओं पर छींटाकशी करते हैं, पुलिस द्वारा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। आज थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सिद्धार्थ स्कूल सराफ बाजार में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा एवं थाना स्टाफ द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई और प्रोजेक्टर पर फोटो और वीडियो दिखाकर जागरूक किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विश्वास दिलाया गया कि पुलिस से डरे नहीं पुलिस दुश्मन नहीं दोस्त है। उपस्थित छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ में पूछा गया और घर या स्कूल से बाहर निकलते ही रोड़ पर आवारा किस्म के लड़कों के द्वारा उन्हें परेशान तो नहीं किया जाता है इस संबंध में भी उनसे वार्तालाप की गई और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन एवं बेटी की पेटी तथा 100 डायल के बारे में जानकारी दी गई।

## उमेश पाठक के पिताजी प्रभूदयाल पाठक जी का निधन



**मुरैना,कांस।** पाठक वाली गली गोपालपुरा में निवास करने वाले से.नि.प्र.अ. उमेश पाठक के पिता जी स्व. श्री प्रभूदयाल पाठक (सेवा निवृत्त बाबू जनसम्पर्क विभाग मुरैना) का 86 वर्ष की आयु में विगत दिवस निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए है। वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे, तथा घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उन्होने 86 साल की सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभू के चरणो में 17 अप्रेल गुरूवार 2025 को लीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार बडोखर मुक्तिधाम पर किया गया जिसमें सैकडो ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

## सडक हादसों में घायलो की उपचार के दौरान मौत

**मुरैना,कांस।** अलग-अलग सडक हादसो में दो लोगो की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के इस्लामपुरा में निवास करने वाले सफीक पुत्र सौकत खॉन उम्र 35 साल शाहिद की दुकान के सामने एमएस रोड के पास जा रहा था कि उसी समय वाहन क्रमांक यूपी 80 एफ्बी 4073 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार पहाडगढ थाना क्षेत्र में सडक हादसे में घायल हुए ठाकुरलाल पुत्र प्रहलाद कुशवाह को उपचार के लिए जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में भर्ती कराया गया था जहॉ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने वाहन चालको के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सांसद श्री तोमर के पुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

### उप मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

**मुरैना,कांस।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना जिले के बड़ागांव-नावली पहुंचे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के पुत्र डॉ. सौरव के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. सौरव को आशीर्वाद प्रदान किया।



## पोषण पखवाड़े में प्रदर्शित किए व्यंजन




**झुण्डपुरा।** एकीकृत परियोजना महिला बाल विकास विभाग सबलगढ़ द्वारा गर्भवती धात्री महिलाओं तथा बच्चों को सही और संतुलित आहार प्रदान करने के लिए 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा अंर्तगत एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना सबलगढ़ के परियोजना अधिकारी के एस बघेल समन्वयक धर्मेन्द्र धाकड़ निर्देशक तथा सेक्टर सुपरवाइजर भगवती शर्मा के मार्गदर्शन में सेक्टर झुण्डपुरा के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओ ने अपने अपने केन्द्रों पर जीवन चक्र के 1000 दिवस थीम पर पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे टी एच आर से बनाये गए विभिन्न व्यंजन जैसे thr की पूड़ी, बिस्किट, मालपुए, मठरी,सकल्पारे,चीले,बर्फी,लड्डू इत्यादि ,स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होने वाले अनाज,सब्जियां एवं फल शामिल किये गए। इस अवसर पर ज्योति शर्मा ने महिलाओं को बताया कि बच्चों सहित गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए गर्भावस्था का पता चलते ही स्वास्थ्य केंद्र जाकर पंजीकरण कराना चाहिए। समय समय पर जांच करायें। गर्भावस्था में उचित पोषण आहार और आयरन कैल्शियम की गोली ले साथ ही ताजी हरी सब्जियां दूध ले। इससे गर्भ में पल रहा बच्चा स्वस्थ रहेगा।इस कार्यक्रम में वार्ड की महिलाएं, बच्चे, आगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाये एवम पर्यवेक्षक श्रीमती भगवती शर्मा, राजकुमारी जगा ज्योति शर्मा रुबी वर्मा गोपाली मीणा अर्चना शर्मा रामवती रावत ममता जाटव माया कुशवाहा सपना जगा जया शर्मा सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तथा गर्भवती धात्री महिलाएं बच्चों सहित उपस्थित रही।

## मारपीट कर जातिय अपमान किया

**मुरैना,कांस।** पोरसा थाना पुलिस ने मारपीट कर जातिय अपमान करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुरा नगरा निवासी मुनेन्द्र पुत्र रामदास सखवार पोरसा अस्पताल के पास था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी मुनेन्द्र उर्फ मुक्के तोमर, महेन्द्र तोमर, आनंद तोमर निवासी ज्ञानचन्द धर्मशाला के पीछे पोरसा ने फरियादी को जाति सूचक गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## टीएचआर से बाबड़ीपुरा में बनाई मिठाई व पकवान

**सबलगढ़।** दिनाँक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा अंर्तगत शनिवार को ग्राम बाबड़ीपुरा में जीवन चक्र के 1000 दिवस थीम पर पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे टी एच आर यानीकि हर मंगलवार को गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिए जाने वाले राशन के पैकेट से बनाये गए विभिन्न व्यंजन जैसे पूड़ी, बिस्किट, मालपुए, मठरी,सकल्पारे,चीले,बर्फी,लड्डू इत्यादि ,स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होने वाले अनाज,सब्जियां एवं फल शामिल किये गए।इस कार्यक्रम में वार्ड की महिलाएं, बच्चे, आगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाये एवम पर्यवेक्षक श्रीमती मधु डंडोतिया उपस्थित रही।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के पुत्र डॉ. सौरव के विवाह समारोह में हुए शामिल

## डॉ. सौरव को भगवान सीता-राम की तस्वीर भेंटकर, आशीर्वाद दिया





**मुरैना,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को सुबह अल्प प्रवास पर मुरैना जिले के ग्राम बड़ागांव-नावली पहुंचे। डॉ. यादव मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के पुत्र डॉ. सौरव तोमर के विवाह समारोह में उपस्थित हुये। उन्होंने वर डॉ. सौरव तोमर को भगवान सीता-राम की तस्वीर भेंटकर आशीर्वाद दिया। वहीं आगुन्तक वधु को शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद ग्वालियर श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद दमोह श्री राहुल सिंह लोधी, विधायक सबलगढ़ श्रीमती सरला रावत, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व मंत्री श्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंषाना, श्री राकेश मावई, श्री सूवेदार सिंह रजौधा, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, श्री केदार सिंह यादव, चम्बल रेंज के आईजी श्री सुशांत सक्सेना, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पूर्व बड़ागांव-नावली में अस्थाई हेलीपेड बनाया गया, जहां मुख्यमंत्री की अगवानी प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा और कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने की।

# हमारा संविधान सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है : राज्यपाल श्री पटेल

## सिलवानी तहसील के प्रतापगढ़ में सम्पन्न संविधान गौरव सम्मान



**भोपाल,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के सभी महानुभावों का पुण्य स्मरण और नमन करते हुए कहा कि उनकी अद्भुत दूरदृष्टि तथा प्रयासों ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। इसके लिए हम सब उनके प्रति कृतज्ञ है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो और स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदिवासी, गरीब, अति पिछड़े वर्ग के उत्थान और उन्नति के लिए काम करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आदिवासी और अति पिछड़े समाज का उत्थान करने, उन्हें आगे लाने के लिए सभी को पूरी निष्ठा और लगन से प्रयास करना होगा।

दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर विकास में उनकी मदद करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजाति, अति पिछड़े और वंचित वर्ग के कल्याण, विकास और उनकी आर्थिक उन्नति के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है, जिसमें भारिया, सहरिया, बैगा वर्ग शामिल हैं। इन वर्गो की उन्नति और विकास के लिए नौ से अधिक विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनको दिया जा रहा है। साथ ही जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, पक्के आवास सहित अन्य सुविधाएं भी तेजी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाएं कच्चे चूल्हे पर खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से महिलाओं और परिवार के सदस्यों को गंभीर बीमारियां होती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इन गरीब महिलाओं की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू कर निःशुल्क गैस चूल्हा कनेक्शन प्रदान किए हैं। इसी प्रकार आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को हर साल पांच लाख रूपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिली हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विगत एक दशक से अधिक समय से देश को आगे ले जाने के लिए पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। यह संविधान की ही ताकत है कि आज भारत की राष्ट्रपति आदिवासी परिवार से आती है। वे शिक्षिका रही हैं। उन्होंने समुदाय की शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास और उन्नयन के लिए काम किया है।

आज राष्ट्रपति पद को शुशोभित कर रही हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ वीर शंकर शाह, रघुनाथ शाह जी के वंशजों का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है। सभी को शिक्षा का महत्व समझना होगा। शिक्षा के लिए काम करना होगा।

# भागवत कथा में व्यास पीठ से महाराज रूपेश शास्त्री जी ने माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन किया



**मुरैना,कांस।** पशुचिकित्सालय मुरैना में भक्तो ने पंचम दिवस में कान्हा की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए व्यास महाराज श्री रुपेन्द्र शास्त्री जी ने आज माखन चोरी लीलायों का बखान करते हुए ओर साथ साथ में सात कोस की परिक्रमा बरडन कराते हुए गिरिराज पर्वत को अपनी एकानी उंगली पर धारण करके समस्त बृजवासियों को इंद्र के कोप से बचा करके अपनी शरण में लिया और गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग प्रसाद लगाया एवं जगतारेश्वर महादेव की बड़ी दिव्य और भव्य कथा भगवान जगतारेश्वर महादेव और बांके बिहारी कृपा से चल रही है तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं शेवक रामनरेश डण्डोतिया ने श्रीनाथ की चित्र देकर भगवताचार्य एवं परीक्षित का स्वागत कर फिर उन्होंने शभी भक्तो को भरपूर आर्शीवाद दिया कथा में बहुत ही आनंद आ रहा है कथा में से जाने का मन नहीं करता एसे लगता है कि कथा बंद ही न हो स्वागत करने बाले भक्त रामनरेश डण्डोतिया,अशोक शर्मा,डा राकेश शर्मा,बीर सिंह यादव नीरज खेमरिया जी मुरारी लाल मावयी जी अन्य गणमान्य श्रोता शभी खूव संख्या में थे अभी 2 दिन कथा और चलेगी सभी भक्त जन कथा में आकर कथा काआनंद लें।

# कृषि मंत्री श्री सिंह कंषाना ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 9 में 52.91 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाला निर्माण का किया भुमिपूजन

**मुरैना,कांस।** नगर निगम मुरैना के वार्ड क्र. 09 में एम.एस. रोड़ से कनेक्ट माँ बेटी चौराहे से मुक्तिधाम होते हुए ऋषी गालब कॉलेज तक आर.सी.सी. नाला निर्माण का प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने शनिवार को भूमि पूजन किया। जिसकी लागत 52.91 लाख है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम महापौर श्रीमती शारदा राजेन्द्र प्रसाद सोलंकी ने की। इस अवसर पर वार्ड ऋमांक 9 की पार्षद श्रीमती भारती रनछौर किरार, नगर निगम आयुक्त श्री सत्येन्द्र धाकरे, श्री कुन्ज बिहारी शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मोजूद थे। कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। सीवर से लेकर पेयजल, नाले, नालियां, खरंजा आदि कार्य कराये जा रहे हैं। इस प्रकार के विकास कार्य भी आगे चलते रहेंगे। डॉ. मोहन यादव की प्रदेश सरकार विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी, यह मेरा विश्वास है।





## उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान शनिदेव के किये दर्शन

**मुरैना,कासं.।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्लशनिवार को मुरैना जिले के ऐंती पर्वत स्थित शनि मंदिर पहुंचे। इस अवसर परउन्होंने सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की।उन्होंने भगवान शनिदेव पर तेल, तिली, गुड़ और उड़द से अभिषेक कियाएवं काली वस्तुओं का अर्पण किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील इगलास में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

## जिलास्तरीय अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश, 01 अप्रैल से पूर्व के पैमाइश एवं निर्विवाद विरासत के सभी प्रकरणों को 15 मई तक निस्तारित कराया जाए -डीएम, अधिकारी क्षेत्र में निकलकर जनता को दिलाएं न्याय- सासंद

**अलीगढ,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में इगलास तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मा0 सांसद हाथरस श्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें व समस्याएं राजस्व से जुड़ी होती हैं। वर्तमान में गेहूं की फसल कट चुकी है, अधिकतर खेत खाली हैं। नाली, चकरोड, सार्वजनिक उपयोग को भूमि चिन्हांकन कर खाली करा लें। सांसद ने कहा की धारा-34 के मामलों में 35 से 45 दिनों के भीतर नामांतरण हो जाना चाहिए। तहसील में 46 वाद 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित चल रहे है। इसी प्रकार से धारा 24 मेडबंदी का कार्य तीन माह में हो जाना चाहिए। तहसील में 10 मामले 1 वर्ष से लंबे चल रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कि वह मेडबंदी प्रकरणों में फीस जमा कर दें। कुरा बंटवारे के लिए 6 माह का समय निर्धारित है, इसमें 11 प्रकरण 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित हैं। मा0 सांसद ने कहा कि अधिकारी जिले में काफी बेहतर ढंग से विभागीय दायित्वों को अंजाम दे रहे हैं। सभी अधिकारी क्षेत्र में निकलकर जनता को न्याय दिलाएं। जिलाधिकारी ने चिन्हित शिकायतों पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर उभयपक्षों को सुन गुण-दोष के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के एसडीएम को निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि पैमाइश और बटवारों के मामलों में यदि कोई निर्णय हुआ है तो उसका अनुपालन राजस्व टीम के माध्यम से समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों की पहचान कर 01 अप्रैल से पूर्व के पैमाइश एवं निर्विवाद विरासत के सभी प्रकरणों को 15 मई तक निस्तारित करा दिया जाए। एसएसपी संजीव सुमन ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि थाना आए प्रत्येक व्यक्ति की बात को सुना जाए। इस दौरान विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, डीडीओ आलोक आर्य, एसडीएम शाश्वत त्रिपुरारी सहित जिलास्तरीय अधिकारियों ने भी जनशिकायतों का निस्तारण कराया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव जावद में करेंगे सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को नीमच जिले के जावद में महर्षि सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। सर्वसुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वर्ष 2022-23 में सीएम राइज विद्यालय की स्थापना की है, जो अब महर्षि सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जा रहे हैं। सांदीपनि विद्यालय परियोजना मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है जो गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को भी विश्व स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के विज़न के साथ प्रारंभ की गई है। सांदीपनि विद्यालयों में सर्व संसाधन युक्त अधोसंरचना विकसित की गई है। इन विद्यालयों में पूर्ण विकसित स्टीम प्रयोगशाला, वोकेशनल प्रयोगशाला, आईसीटी. प्रयोगशाला, केफेटेरिया, मल्टी परपस कोर्टस, एनसीसी., स्काउट कक्ष, डान्स कक्ष, म्यूजिक कक्ष, स्मार्ट अध्यापन कक्ष, सर्व सुविधायुक्त पुस्तकालय, इन्डोर जिम्नासियम, प्री प्रायमरी कक्षाओं के लिए विशेष प्रकार के कक्ष, फर्नीचर व समस्त प्रकार की खेलकुद की सामग्री आदि की सुविधा प्रदान की गई है। इस विद्यालय में 1 कि.मी. से 15 कि.मी. दूरी से आने वाले बच्चों के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विषयवार शिक्षकों के साथ-साथ संगीत शिक्षक, नृत्य शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, खेल शिक्षक, मनोवैज्ञानिक, केरियर काउंसलर आदि भी नियुक्त किये गये है।

# गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगाः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## चिकित्सा महाविद्यालय की दसवीं सामान्य परिषद की बैठक आयोजित, मंत्रीगण श्री कुशवाह व श्री तोमर भी हुए बैठक में शामिल

**ग्वालियर।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय प्रदेश का पहला व सबसे पुराना चिकित्सा महाविद्यालय है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश के अन्य जिलों एवं राजस्थान व उत्तरप्रदेश के समीपवर्ती जिलों के मरीज इस महाविद्यालय से जुड़े जेएएच अस्पताल समूह में बड़ी उम्मीद के साथ इलाज कराने के लिए आते हैं। इसलिए गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को उत्कृष्ट चिकित्सा के लिहाज से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया जाएगा।



इसके लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण, अधोसंरचना, चिकित्सक व पैरा मेडीकल स्टॉफ की पूर्ति सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जेएएच अस्पताल समूह में आने के बाद हर प्रकार के मरीज को सभी प्रकार की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए। यहां से किसी भी मरीज को कहीं ओर रेफर करने की नौबत न आए। श्री शुक्ल शनिवार को ग्वालियर में गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की 10वीं बैठक में यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जोर देकर कहा गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े अस्पतालों में बाईपास व ओपन हॉर्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट, न्यूरोसर्जरी व यूरोलॉजी एवं केंसर के बड़े-बड़े ऑपरेशन शुरू करें। इसके लिए सभी जरूरी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की सरकार के प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ग्वालियर मेडीकल कॉलेज सहित प्रदेश के इंदौर, भोपाल, जबलपुर व रीवा के मेडीकल कॉलेज अस्पतालों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में तेजी से प्रभावी कदम उठाए गए हैं। शनिवार को यहां मेडीकल कॉलेज के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह , राज्यसभा सांसद श्री अशोक सिंह , महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायकगण श्री मोहन सिंह राठौर, डॉ. सतीश सिकरवार व श्री साहब सिंह गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री , परियोजना संचालक लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा एवं अध्यक्ष स्वाशासी समिति श्री नीरज सिंह , कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व मेडीकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर के एस धाकड़ सहित सामान्य परिषद के अन्य सदस्यगण एवं मेडीकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडीकल कॉलेज भवन, कमलाराजा अस्पताल, टी.बी अस्पताल, न्यूरोसर्जरी व न्यूरोलॉजी के भवनों का जीर्णोद्धार तथा एडमिन ब्लॉक, नवीन सभागार , चिकित्सकों व स्टाफ के लिए आवासीय परिसर, नर्सिंग कॉलेज व नर्सिंग हॉस्पिटल एवं सीनियर गर्ल्स हॉस्टल के नवीन भवनों के निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इन कामों को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाई जाएगी। श्री शुक्ल ने जे.ए.एच के पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराने की बात भी कही। इससे पहले उन्होंने मेडीकल कॉलेज एवं जेएएच समूह की आवश्यकताओं व प्रस्तावित प्रोजेक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कमलाराजा अस्पताल की क्षमता बढ़ाने का निर्णय भी बैठक में हुआ है।

श्री शुक्ल ने सभी प्रोजेक्ट की डीपीआर में पार्किंग का पर्याप्त प्रावधान करने के लिए भी कहा। सामान्य परिषद की बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जेएएच समूह की सीवर समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार करें। इस काम के लिए नगरीय विकास विभाग से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में मंत्री द्वय श्री कुशवाह व श्री तोमर, सांसद श्री कुशवाह व श्री अशोक सिंह विधायकगण श्री राठौर, श्री सिकरवार व श्री गुर्जर ने भी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए उपयोगी सुझाव दिए। मंत्री श्री कुशवाह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीगंज में अल्ट्रा साउण्ड सेवा को सुचारू कराने के लिए कहा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कमलाराजा अस्पताल का विस्तार व यहाँ की पीडियाट्रिक यूनिट की क्षमता बढाने, ट्रॉमा सेंटर को बेहतर बनाने और जेएएच समूह के खाली पदों की पूर्ति करने का आग्रह किया।

विधायक श्री राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भितरवार में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का आग्रह इस अवसर पर किया। सामान्य परिषद की बैठक में मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित बजट प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस वित्तीय वर्ष के लिए 2450 लाख रूपय का अनुमानित व्यय अनुमोदित हुआ है।

### खाली पद भरने के लिए वॉक इन इंटरव्यू जारी रखें

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडीकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि मेडीकल कॉलेज में स्वीकृत प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों के खाली पद भरने के लिए लगातार वॉक इन इंटरव्यू कराएं। साथ ही सुपर स्पेशिलिटी सहित अन्य विभागों में जरूरत के मुताबिक पद स्वीकृत कराएं।

उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश भर में पदों की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा चिकित्सकों के 3500 एवं पेरा मेडीकल स्टाफ के 10 हजार पदों की भर्ती की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।